26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026

अंक- 111 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# बांग्लादेश में बीएनपी की शानदार जीत

## पीएम मोदी ने तारिक रहमान को दी बधाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** बांग्लादेश आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शानदार बहुमत हासिल किया है। ऐसे में अब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह जीत बांग्लादेश के लोगों के उनके नेतृत्व में भरोसे को दिखाती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के समर्थन में हमेशा खड़ा रहेगा। इसके साथ पीएम मोदी ने भारत और बांग्लादेश के रिश्ते को लेकर भी अपनी बड़ा संकेत दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह तारिक रहमान के साथ मिलकर भारत-बांग्लादेश के बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने और दोनों देशों के साझा



विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए काम करने के लिए उत्सुक हैं। बता दें कि बांग्लादेश में जारी सत्ता के लिए संघर्ष और घमासान के 18 महीनें के बाद हुए चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को बड़ा जनादेश मिला। मतगणना के ताजा आंकड़ों के अनुसार बीएनपी को दो तिहाई बहुमत मिले है। वहीं जबकि जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन को अभी तक केवल 73 सीटें मिली हैं।

### क्या है सीटों का समीकरण

बांग्लादेश की संसद, जिसे जातीय संसद कहा जाता है, में कुल 300 सीटें हैं। इनमें से 299 सीटों पर मतदान हुआ। शेरपुर-3 सीट पर एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया। बहुमत के लिए 150 सीटें जरूरी होती हैं। इसके अलावा 50 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इन सीटों का बंटवारा 300 सामान्य सीटों पर पार्टियों के प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।

# आरक्षण के पेच में फंसा पंचायत चुनाव

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में ग्राम प्रधान, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्य के चुनाव तय समय पर अप्रैल-मई में शायद नहीं हो पाएंगे। दरअसल, पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो सकी है, क्योंकि यूपी में समर्पित ओबीसी आयोग नहीं है। ऐसे में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में योगी सरकार के द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे के बाद माना जा रहा है कि पंचायत चुनाव फिलहाल टल सकते हैं। यूपी में मौजूदा ओबीसी




आयोग का कार्यकाल अक्टूबर 2025 में समाप्त हो गया था, जिसे सरकार ने अक्टूबर 2026 तक के लिए बढ़ा तो दिया है, लेकिन कानूनी रूप से उसके पास समर्पित आयोग के अधिकार नहीं हैं। ओबीसी आयोग अपने तीन साल के मूल कार्यकाल के रहते हुए ही आरक्षण का सर्वे कर सकता है। ऐसे में योगी सरकार को पहले ओबीसी आयोग का गठन करना होगा, उसके बाद ही आरक्षण की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। योगी सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को बताया है कि वह एक समर्पित पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग का गठन करेगी । अब नया समर्पित आयोग पिछड़ों का रैपिड सर्वे करेगा और। इस सर्वे के जरिए ही पिछड़ों की वास्तविक आबादी का पता लगाया जाएगा और उसी के अनुसार सीटों का आरक्षण लागू होगा। इसके बाद पंचायत चुनाव की राह बन सकेगी। उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और जिला पंचायत सदस्यों का कार्यकाल मई-2026 के पहले सप्ताह में समाप्त हो जायेगा।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always

JOB VACANCY

- SPARE PART IN-CHARGE -1
  (4-5 yrs Experience Required, Location: Bijnor)
- MECHANICS - TRUCKS & BUSES -6
  (Trained in Diesel/Petrol/CNG, Location: Bijnor)
- SALES EXECUTIVES -3
  (Location: Najibabad, Nagina, Dhampur)
- TELECALLER - SALES (Female) -1
  (2-3 yrs experience in Sales calling, Location: Bijnor)



Apply at - hr.cnsmotors@gmail.com /or/ Contact HR Manager on 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (Auth. Tata Motors Commercial Vehicle Dealer)
NH-119, Kiratpur Road, Near Village Pedda, Bijnor, Ph: 7055501016, 8476001007

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
➢अलमीरा कारीगर- 10
➢पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
➢सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2
सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन






ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

आम फसल बिकाऊ

आम फसल बिकाऊ है, जिसमें लगभग 200 पेड़ हैं, लंगड़ा, चौसा, दशहरी के जो नर फसल है। जो भी बाग ठेकेदार फसल लेने इच्छुक हों, कृपया इन नंबर पर संपर्क करें-
मो. 09756109161





Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144
Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

# ज़रा सी देरी बुझा सकती थी ज़िंदगी का चिराग़

## इंस्टाग्राम पर दर्द साझा करने वाली युवती को पुलिस ने मौत के मुंह से खींचा

मरगूब रहमानी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कभी-कभी इंसान दर्द को शब्दों में नहीं, ख़ामोशी में जीता है। जब यह ख़ामोशी सोशल मीडिया पर टूटती है, तो वह सिर्फ एक पोस्ट नहीं रहती, बल्कि मदद की आख़िरी पुकार बन जाती है। बिजनौर की एक युवती की ज़िंदगी भी ऐसी ही एक पुकार से बच गई। 10 फरवरी 2026 की शाम को थाना कोतवाली शहर बिजनौर क्षेत्र की लगभग 27 वर्षीय युवती शिवानी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में उसके हाथ कांप रहे थे, आंखों में आंसू थे और आवाज़ में ऐसा दर्द था जिसे सुनकर कोई भी सिहर जाए।

वह कह रही थी- कोई भी लड़की तलाक लेकर अपने घरवालों के साथ मत रहना। वीडियो में यह कहते-कहते उसने कीटनाशक दवा पी ली। उस वक्त शायद उसे नहीं पता था कि स्क्रीन के उस पार कोई उसकी सांसों की गिनती सुन रहा है।

### सोशल मीडिया बना जीवन रक्षक

शाम 7 बजकर 19 मिनट पर मेटा कंपनी ने इस वीडियो को आत्महत्या से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के सोशल मीडिया सेंटर को ई-मेल के माध्यम से अलर्ट भेजा। सूचना मिलते ही पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कृष्ण के निर्देश पर तुरंत कार्रवाई शुरू हुई। मुख्यालय की टीम ने वीडियो में दिख रहे मोबाइल नंबर और तकनीकी माध्यमों से युवती की लोकेशन ट्रेस की और पल भर में यह सूचना बिजनौर पुलिस को भेज दी गई।

### 10 मिनट की दौड़

सीओ सिटी संग्राम सिंह के अनुसार सूचना मिलते ही थाना कोतवाली सिटी की महिला उपनिरीक्षक अपनी टीम के साथ बिना एक पल गंवाए रवाना हुईं। पुलिसिया वाहन सायरन बजाते हुए उस घर की ओर दौड़ पड़ा, जहां एक लड़की अपनी ज़िंदगी से हार मान चुकी थी। दरवाज़ा खोला गया तो भीतर का दृश्य दिल दहला देने वाला था। कमरे में युवती ज़मीन पर बैठी रो रही थी, उल्टियां कर रही थी और उसके पास कीटनाशक दवा की बोतल पड़ी थी। सांसें भारी थीं और आंखों में डर था। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से तुरंत प्राथमिक उपचार कराया और बिना देर किए उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया और कुछ देर बाद उसकी हालत स्थिर हो गई।

### टूट चुकी थी अंदर से

**होश में आने पर युवती ने जो बताया, वह किसी भी संवेदनशील दिल को झकझोर देने वाला था। उसने बताया कि करीब 10 साल पहले उसका तलाक हो चुका था। वह अपने परिवार के साथ रह रही थी, लेकिन वहां उसे अपनापन नहीं मिला। ताने, उपेक्षा और अकेलापन उसे अंदर ही अंदर तोड़ रहे थे, वह अलग रहने लगी थी, जिसके कारण वह धीरे-धीरे अवसाद में चली गई और उसे लगा कि उसकी ज़िंदगी अब किसी बोझ से ज्यादा कुछ नहीं रही। इसी मानसिक पीड़ा में उसने मौत का रास्ता चुन लिया।**

### टूटती सांस को सहारे की ज़रूरत

यह घटना सिर्फ एक युवती के बचने की कहानी नहीं, बल्कि यह याद दिलाती है कि सोशल मीडिया पर लिखा हर शब्द, हर वीडियो, कभी-कभी किसी की आख़िरी उम्मीद हो सकता है। अगर समाज, तकनीक और पुलिस साथ मिल जाएं, तो मौत के मुंह से भी ज़िंदगी छीनी जा सकती है। क्योंकि हर टूटती सांस को सहारे की ज़रूरत होती है और हर रोती आंख को इस अहसास की कि वे अकेली नहीं।

### ज़िंदगी अभी बाकी है

**पुलिस ने युवती की काउंसलिंग की। उसे समझाया गया कि दर्द स्थायी नहीं होता। हर अंधेरी रात के बाद सुबह ज़रूर होती है। प्यार में डूबी पुलिस की ये नसीहत युवती के दिल में उतर गई, उसने रोते हुए कहा कि वह दोबारा ऐसा कदम नहीं उठाएगी। उसके परिजनों की आंखों में आंसू थे, लेकिन इस बार ये आंसू पछतावे के नहीं, राहत के थे। उनका कहना था कि अगर पुलिस कुछ मिनट भी देर कर देती, तो वे अपनी बेटी को हमेशा के लिए खो देते।**

### 2063 ज़िंदगियों की कहानी

**गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश पुलिस और मेटा कंपनी के बीच 2022 से चली आ रही व्यवस्था के तहत फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से जुड़ी पोस्ट पर पुलिस को तुरंत अलर्ट भेजा जाता है। एक जनवरी 2023 से अब तक इस व्यवस्था के जरिए 2063 लोगों की जान बचाई जा चुकी है।**

## शिवमय हुआ खासपुरा का वातावरण



**खासपुरा ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर ग्राम खासपुरा का धार्मिक वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया है। मंदिर के अध्यक्ष चौ. चमन सिंह, देवेंद्र चौधरी, शुभम कर्णवाल ने बताया की प्राचीन शिव मंदिर में इस बार महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ किया जा रहा है। जिसके उपलक्ष में आज शिव मंदिर में रामायण का पाठ प्रारंभ हुआ, जिसकी समाप्ति 15 फरवरी दिन रविवार को होगी और 32वीं महाशिव शोभायात्रा 16 फरवरी दिन सोमवार को बड़ी श्रद्धापूर्वक निकली जायेगी। इस अवसर पर अनमोल शर्मा, महेंद्र पाल, रविंद्र सैनी, वंश, सुमित पाल आदि मौजूद रहे।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।

फाइनेंस सुविधा उपलब्ध

*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

ओमकुमार ने फिर उठाया हल्दौर को तहसील बनाने का मुद्दा ( पेज 7 )

# हल्दौर में धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

## भाजपा नेताओं की शिकायत पर तीन ट्रैक्टर-ट्रालियां सीज

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन खुलेआम पूरे जोर-शोर से चल रहा है। पुलिस की नाक के नीचे खनन माफिया दिनदहाड़े अवैध रूप से व परमिशन पर बिना मानक के खनन करने में लगे हुए हैं। मानकों को ताक पर रखकर हो रहे खनन भराव से धूल का गुब्बार उड़ता है और जगह-जगह सड़कों व रास्तों पर फैली मिट्टी से सांस दमा के मरीजों का वहां से निकलना दुश्वर हो गया है। वृहस्पतिवार को भाजपा नेताओं की शिकायत पर लेखपाल चंद्रकाश ने तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों को जब्त कर थाने में बंद करवाकर सीज की कार्यवाही की।



थाने में बंद मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां

दिन निकलते ही मिट्टी के खनन माफिया सक्रिय हो जाते हैं, जो रातों को व सुबह सवेरे अवैध खनन करने में लगे रहते हैं। नगर क्षेत्र में जगह-जगह खनन माफियाओं के पुलिस की नाक के नीचे लगातार मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियां दौड़ते दिखाई देते रहते हैं, जिन्हें रोक पाने में संबधित अधिकारी व पुलिस नाकाम हैं। यहां कट रही कालोनियों, रेलवे फाटक पार व बालकिशन चौराहा क्षेत्र में आयेदिन अवैध रूप से खनन भराव चलता रहता है। माफिया दिन निकलने से पहले ही सबंधित जगहों पर ट्रैक्टर-ट्रालियों से रोज थोड़ा-थोड़ा भराव डालकर कुछ ही दिन में प्लॉट व जगह को मिट्टी से भर देते हैं। तो कुछ माफिया दिनदहाड़े परमिशन की आड़ में बिना मानक के मिट्टी से ओवरलोडड ट्रैक्टर-ट्रालियां भरकर धूल का गुब्बार उड़ते हुए और धूल को सड़कों पर गिराते हुए खनन करने में लगे हुए हैं। नगर क्षेत्र के कई माफिया इस कार्य में संलिप्त बताए जाते हैं। आयेदिन हो रहे खनन से राजस्व की भी काफी हानि हो रही है। पुलिस भी इसे रोकने में असफल साबित हो रही है। इस संबध में जब हलका लेखपाल चंद्रप्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर उक्त तीनों ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा गया है, जो मानक के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे थे और उनके पास से गलत रवाने मिलें हैं। तीनों को जब्त कर थाने में सीज करने की कार्रवाई कर दी गई है।

उधर भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान का कहना है कि उन्हें काफी दिनों से परमिशन की आड़ में और बिना मानक के नगर में मिट्टी का अवैध खनन करने की शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो सही पाया गया और इसकी शिकायत उन्होंने तत्काल तहसील प्रशासन से की। उनका कहना है कि नगर क्षेत्र में किसी भी तरह का मिट्टी का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। जिस कार्य की परमिशन होगी वह परमिशन के मानकों के अनुरूप ही होने दिया जायेगा। एक तालाब पर भी कुछ भूमाफियों द्वारा अवैध कब्जे करने की शिकायतें मिली थीं। उसे भी रुकवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में कोई भी गलत कार्य नहीं होने दिया जाएगा और गलत कार्यों में संलिप्तों के विरुद्ध भी कार्रवाई कराई जाएगी।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## पिंजरे में कैद हुआ गुलदार



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** वन विभाग की राजगढ़ रेंज द्वारा गुलदार से कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु नहर की पटरी के किनारे लगाये गये एक पिंजरे में गुलदार ट्रैप हो गया। गुलदार का मेडिकल परीक्षण करने वाले पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार नर है तथा उसकी आयु लगभग 3-4 वर्ष है। वन विभाग (रिजर्व फोरेस्ट) की राजगढ़ रेंज के द्वारा गुलदार से कांवड़ियों की सुरक्षा हेतु पूर्वी गंगा नहर की चंदक शाखा पर एक पटरी के किनारे ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय और सराय आलम के सामने पिंजरे लगाये गये थे। आज तड़के 5 बजे रायपुर खास में लगाये गये पिंजरे के पास से कोई किसान ट्रैक्टर लेकर जा रहा था, तो उसने पिंजरे में फंसे गुलदार की दहाड़ सुनी। किसान की सूचना पर वनकर्मी मौके पर पहुंचे। राजगढ़ रेंजर देव ऋषि सक्सेना और नांगल थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गुलदार को पिंजरे सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर सामाजिक वानिकी की ग्राम जालपुर स्थित नर्सरी में ले जाया गया। रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने बताया कि प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशानुसार बताये गये स्थान पर गुलदार को छोड़ा जायेगा। वन दरोगा शुभम कुमार एवं मोहित चौहान, बीट प्रभारी एवं वन रक्षक मेघनाथ सिंह, वन रक्षक शिवम कुमार एवं जितेन्द्र कुमार, दैनिक कर्मचारी महावीर सिंह, बब्लू, यशवीर, मौ. उमर आदि मौजूद रहे।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर एक युवक की मृत्यु हो गई। युवक नल के पाइप को दीवार से लगाकर सीधा खड़ा कर रहा था। पाइप बिजली के लाइन में टच हो गया, जिसके कारण युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। ग्राम गुड़ा सराय निवासी मदन सिंह का 21 वर्षीय पुत्र रवि कुमार अपने घर के सामने दीवार के सहारे हैंडपंप की नाल को लगाकर खड़ा कर रहा था। मकान के बराबर में हाई टेंशन बिजली की लाइन से पाइप टकरा गया, जिससे रवि कुमार बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही गिर गया। रवि कुमार को उठाकर परिजन तुरंत नजीबाबाद चिकित्सालय ले गए, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एगजीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## दक्षिण राज्यों में भाजपा की स्थिति

स्टालिन के पुत्र व तमिलनाडु के उप-मुख्यमंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म को 'कोरोना जैसा खतरनाक' बता कर हंगामा खड़ा कर दिया था। भले ही इस तथा इस जैसे अनेक बयानों से देश के बहुत से लोग नाराज हुए हों, पर द्रमुक ने अपनी विचारधारा मजबूत की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी बार-बार भारतीय संघ में राज्यों व खासकर विपक्ष शासित राज्यों के प्रति भेदभाव का आरोप लगाते रहे हैं। जनगणना तथा जनगणना के आधार पर संसद में सीटों के आबंटन से तमिलनाडु व केरल में राजनेताओं को अपनी सीटें घटने का भय सता रहा है। हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि विधानसभा चुनावों में यह मुद्दा बनेगा या नहीं, पर दक्षिण भारतीय राज्यों की जनता 'परिवार नियोजन' अपनाने के कारण संसद में अपनी स्थिति कमजोर होने की अत्यधिक विरोधी है। भाजपा ने अभी ऐसा कोई फार्मूला नहीं तलाशा है जिससे दक्षिण भारतीय राज्यों की जनता को संतुष्ट किया जा सके। भाजपा की दूसरी चुनौती खासकर दक्षिण भारत में 'मुस्लिम आरक्षण' को लेकर है। उत्तर भारत और देश के अन्य भागों के विपरीत भाजपा केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना आदि राज्यों में बहुसंख्यक ध्रुवीकरण करने में उतनी सफल नहीं हुई है। ऐसे में कांग्रेस की तेलंगाना सरकार द्वारा 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण कांग्रेस के लिए अन्य राज्यों में भी गेमचेंजर साबित हो सकता है। केरल में हिंदू, मुस्लिम व ईसाई जनसंख्या संरचना में लगभग बराबरी के भागीदार हैं, ऐसे में भाजपा का 'हिंदू ध्रुवीकरण' का कार्ड कोई खास प्रभाव छोड़ने वाला नहीं लगता है, लेकिन यह कहना कठिन है कि इसका लाभ यूडीएफ या एलडीएफ में से किसको मिलेगा। लगातार दो कार्यकाल पूरे करने के बाद माकपा नीत एलडीएफ सत्ता-विरोधी लहर का सामना कर रही है और संभवत: इसी कारण उसने ऐसे 'सेक्युलर' हिंदुओं को अपने पाले में लाने के प्रयास तेज किए हैं जो जाने-अनजाने भाजपा-आरएसएस के प्रचार तंत्र के बहकावे में आ जाते हैं। उधर, पश्चिम बंगाल में भाजपा 'घुसपैठियों' के बहाने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना लगा रही है और जनसंख्या संरचना बदलने के भय से बहुसंख्यक ध्रुवीकरण का प्रयास कर रही है।

# अधिक बच्चों की सलाह देने वाले वे कौन हैं?

**जबकि सच यह है कि न तो एमआईएम जैसे मुस्लिम नेताओं को मुसलमानों की भलाई से कोई सरोकार है और न ही बीजेपी और हिंदूवादी नेताओं को हिंदू समाज के वास्तविक मुद्दों की चिंता है। लेकिन उनका यह कहना कुछ भोले-भाले और सीधे शरीफ मुसलमानों को इसलिये ज़रूर गुमराह कर सकता है, क्योंकि आज जिस तरह से मोदी सरकार और कुछ राज्यों की बीजेपी सरकारें अल्पसंख्यकों खासतौर पर मुसलमानों को किसी न किसी बहाने निशाने पर लेती रहती हैं, उससे उनके दिमाग में यह बात घर कर सकती है कि अगर वे अल्पसंख्यक नहीं होते तो उनको इस तरह से पक्षपात, अन्याय और अत्याचार का निशाना नहीं बनाया जाता। इन दोनों को केवल अपने राजनीतिक हितों की चिंता है। एक तरफ यह कहा जाता है कि बढ़ती आबादी एक बड़ी समस्या है और इसके खिलाफ तत्काल कानून बनाकर रोक लगाई जानी चाहिये। दूसरी तरफ दोनों वर्गों के कट्टरपंथी नेता अधिक बच्चो की 'राष्ट्रविरोधी' अपील भी कर रहे हैं।**



▶▶ इक़बाल हिन्दुस्तानी

एआईएमआईएम के होते हुए मुसलमानों को दुश्मनों की ज़रूरत नहीं है। उसको वैसे ही बीजेपी की बी टीम नहीं कहा जाता है, बल्कि उसकी सियासत, उसकी हरकतें और उसके नेताओं के विवादित बयान खुद यह दिखाते हैं कि उनको मुसलमानों की सियासत तो करनी है, लेकिन उनके हितों की कोई चिंता नहीं है। हाल ही में एमआईएम के यूपी के अध्यक्ष शौकत अली ने मुरादाबाद में एक जनसभा में कहा कि मुसलमानों को हम दो-हमारे दो दर्जन पर अमल करते हुए तेज़ी से जनसंख्या बढ़ानी चाहिये। उनका यह भी दावा कि उनके 8 और उनके बड़े भाई के 16 बच्चे हैं। उनका कहना है कि मुस्लिम आबादी बढ़ने से मुस्लिम समाज और देश मज़बूत होगा। उनका मानना है कि मुसलमानों की आबादी कम होने की वजह से ही मदरसों को आतंक का अड्डा, उनकी लिंचिंग दाढ़ी नोचा जाना, लड़कियों के नकाब खींचा जाना और किसी भी मांस को गौमांस बताकर उनको आज सताया जा रहा है। इससे पहले आरएसएस के मुखिया भागवत सहित कई हिंदू नेता साक्षी महाराज, नवनीत राणा, हिमंत विस्व सरमा भी हिंदुओं से अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने की अपील कर चुके हैं। वे यहां तक कहते हैं कि अगर हिंदुओं ने अभी भी परिवार नियोजन जारी रखा तो वे जल्दी ही देश में अल्पसंख्यक हो जायेंगे।



उनका कहना है कि हिंदू समुदाय की घटती जन्मदर से जनसांखिकीय असंतुलन, सांस्कृतिक पहचान और उनका अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। उनका यह भी दावा रहा है कि देश में बड़े पैमाने पर बढ़ती घुसपैठ और धर्म परिवर्तन से पहले ही हिंदू समाज के लिये चिंता बढ़ गयी है। सच तो यह है कि बच्चे कितने पैदा करने हैं, यह परिवारों का निजी मामला है। लेकिन वे यही सवाल मोदी सरकार से नहीं पूछते। दरअसल उनकी असली चिंता हिंदू वोट बैंक की राजनीति है। ऐसे ही एमआईएम नेता सहित कई सिरफिरे मुस्लिम कट्टरपंथी नेताओं की चिंता भी मुस्लिम वोटबैंक को लेकर ही अधिक है। लेकिन उनका यह कहना कुछ भोले-भाले और सीधे शरीफ मुसलमानों को इसलिये ज़रूर गुमराह कर सकता है, क्योंकि आज जिस तरह से मोदी सरकार और कुछ राज्यों की बीजेपी सरकारें अल्पसंख्यकों खासतौर पर मुसलमानों को किसी न किसी बहाने निशाने पर लेती रहती हैं, उससे उनके दिमाग में यह बात घर कर सकती है कि अगर वे अल्पसंख्यक नहीं होते तो उनको इस तरह से पक्षपात, अन्याय और अत्याचार का निशाना नहीं बनाया जाता, जबकि सच यह है कि न तो बीजेपी और हिंदूवादी नेताओं को हिंदू समाज की चिंता है और न ही एमआईएम जैसे मुस्लिम नेताओं को मुसलमानों की भलाई से कोई सरोकार है।

इन दोनों को केवल अपने राजनीतिक हितों की चिंता है। एक तरफ यह कहा जाता है कि बढ़ती आबादी एक बड़ी समस्या है और इसके खिलाफ तत्काल कानून बनाकर रोक लगाई जानी चाहिये। दूसरी तरफ दोनों वर्गों के कट्टरपंथी नेता अधिक बच्चों की 'राष्ट्रविरोधी' अपील भी कर रहे हैं। नेशनल फैमिली हैल्थ सर्वे-5 के हालिया आंकड़े बताते हैं कि देश की जनसंख्या दर तेजी से गिरकर रिप्लेसमेंट रेट यानी 2.1 से भी नीचे आ चुकी है। 2020-25 का यह सर्वे यह भी बताता है कि हिंदुओं की टीएफआर 1.94 तो मुसलमानों की 2.14 रह गयी है। पहले इसमें बहुत अधिक अंतर था, लेकिन अब इस दर में सबसे अधिक गिरावट मुसलमानों की आबादी में ही देखी जा रही है। हालांकि हिंदुओं की तुलना में यह अभी भी मामूली सी अधिक है। सर्वे में यह बात भी साफ हो चुकी है कि जनसंख्या बढ़ने का रिश्ता धर्म से नहीं, बल्कि सम्पन्नता और शिक्षा से है। जो लोग संगठन व पार्टी मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार और उनको तरह से तरह से अनपढ़ व गरीब बनाये रखने में लगे रहते हैं, उनको इस मुद्दे पर चिंता जताने का नैतिक अधिकार नहीं है। ऐसे लोगों के लिये शायर कहता है- **सामने वाले को हल्का जानकर भारी हैं आप, आपका मैयार देखा कितने मैयारी हैं आप।**

(नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ एडिटर हैं।)

## जिसके स्वभाव में संयम और धैर्य होता है, उसे गुस्सा नहीं आता है

**प्रेरक-प्रसंग**

महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत एकनाथ जी के घर का दरवाजा एक युवक ने खटखटाया। एकनाथ जी उस समय पूजा कर रहे थे तो उनकी पत्नी गिरिजा बाई ने दरवाजा खोला। दरवाजा खुलते ही वह युवक घर में घुसा और सीधे जाकर एकनाथ जी की गोद में बैठ गया। उसने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि उससे कुछ लोगों ने शर्त लगाई थी कि अगर वह एकनाथ जी को गुस्सा दिला देगा तो उसे 200 रुपए दिए जाएंगे। उस समय 200 रुपए बहुत बड़ी रकम होती थी। उस युवक ने सोचा कि मैं एकनाथ जी को गुस्सा दिला दूंगा। वह जैसे ही उनकी गोद में बैठा तो उसे लगा कि अब तो एकनाथ जी गुस्सा हो जाएंगे, क्योंकि उस समय वे पूजा कर रहे थे। उन्हें लगेगा कि ये अपवित्र काम किया है। एकनाथ जी उस युवक से कहते हैं, तुम्हारा प्रेम देखकर मेरा मन प्रसन्न हो गया है। तुम सीधे मेरी गोदी में आ गए। उस युवक ने सोचा कि अभी तो इन्हें क्रोध नहीं आया, मुझे कोई और प्रयास करना होगा। उस युवक ने कहा, मुझे भूख लगी है। एकनाथ जी बोले, अभी हम खाना खाने बैठेंगे तो तुम भी बैठ जाना।

# नेहरू स्टेडियम में जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन


प्रतियोगिता के विजेताब बच्चों को पुरस्कृत करते हुए बीएसए सचिन कसाना


क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा विभाग, बिजनौर के तत्वावधान में नेहरू स्टेडियम में आयोजित 41वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2025-26 का दो दिवसीय आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी जसजीत कौर और जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन तथा बैलून छोड़कर किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने बुके देकर तथा जिला व्यायाम शिक्षक अरविंद अहलावत ने कैप पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया।

प्रथम दिवस की प्रतियोगिता के परिणाम निम्नानुसार हैं-50 मीटर दौड़ (बालक प्राथमिक वर्ग)-गुलवाज, ब्लॉक किरतपुर से प्रथम। 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर (बालक वर्ग)- शाहनवाज, ब्लॉक जलीलपुर से प्रथम। 100 मीटर (जूनियर बालिका वर्ग)- निक्की, ब्लॉक कोतवाली से प्रथम। 200 मीटर, 400 मीटर एवं 600 मीटर (जूनियर बालिका वर्ग)- पलक, ब्लॉक जलीलपुर से प्रथम। लंबी कूद (प्राथमिक स्तर बालक वर्ग)- गुलबाज, विकास क्षेत्र किरतपुर से प्रथम। लंबी कूद (जूनियर वर्ग बालिका)- निक्की, विकास क्षेत्र कोतवाली से प्रथम। बैडमिंटन एकल- नेहा, विकास क्षेत्र नजीबाबाद से प्रथम। बैडमिंटन डबल्स-प्रतिज्ञा और दामिनी, विकास क्षेत्र नहटौर से प्रथम। टेबल टेनिस एकल- छवि, विकास क्षेत्र किरतपुर से प्रथम। टेबल टेनिस डबल्स- भावना और ललित, विकास क्षेत्र नजीबाबाद से प्रथम।

कार्यक्रम का संचालन गुलशन गुप्ता, आकांक्षा चौधरी और शमीम अहमद ने किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय चरन सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी किरतपुर सूर्यकांत गिरि, खंड शिक्षा अधिकारी देवमल डॉक्टर प्रभात कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी हल्दौर अलका देवी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण अनुज कुमार शर्मा, लियाकत अली, अतुल कुमार भटनागर, रामौतार सिंह रहे।

## दहेज के लिये गर्भवती से ससुराल में मारपीट की, भूखा-प्यासा रखा

### ससुराल पक्ष के 6 लोगों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय इन्द्रलोक कॉलोनी निवासी साक्षी पत्नी अर्जुन चौधरी ने बताया कि उसकी शादी 21 अप्रैल 25 को अर्जुन चौधरी निवासी ग्राम सालमाबाद के साथ हुई थी। शादी के समय उसके माता-पिता ने दहेज में स्कॉर्पियो गाड़ी, 25 लाख रुपये और अन्य घरेलू सामान दहेज में दिया था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद पति और ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे 50 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे आए दिन गाली-गलौच और मारपीट का शिकार बनाया जाता था। कई बार उसे भूखा-प्यासा भी रखा गया। पीड़िता का आरोप है कि 25 जुलाई 2025 को उसके साथ मारपीट की गई थी, जिसकी शिकायत उसने बरेली के थाना बारादरी में की थी। उस समय उसका सरकारी अस्पताल में मेडिकल भी कराया गया था। पीड़िता साक्षी ने बताया कि 7 फरवरी 26 को वह अपने पति के साथ बरेली से बिजनौर लौट रही थी। रास्ते में भी उसके साथ मारपीट की गई। रात करीब 10 बजे जब वह ससुराल पहुंची, तो वहां मौजूद ससुर अनिल कुमार, सास शशि देवी व तीन ननदों ने दहेज की मांग को लेकर फिर से उसे पीटा। घटना की सूचना उसने अपने भाई और पिता को दी। पिता ने 112 नंबर पर कॉल किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे बचाया। पीड़िता गर्भवती है। उसका आरोप है कि ससुराल वालों ने धमकी दी कि दहेज न मिलने पर उसका गर्भ गिरा देंगे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति अर्जुन चौधरी, ससुर अनिल कुमार सहित छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## मो.पुर देवमल में महाशिवरात्रि पर हुआ भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मोहम्मदपुर देवमल स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर में महाशिवरात्रि के पावन उपलक्ष्य में एक भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लेकर परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का महत्व जाना। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीके रघुवीर बिश्नोई, बीके सुरेश दीदी (बिजनौर), बीके अनिता बहन, बीके जगपाल भाई (बिजनौर) की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में बताया कि शिवरात्रि परमात्मा शिव के अवतरण की यादगार है, जब वे कलयुग के अंधकारमय समय में आकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और मनुष्य आत्माओं को पवित्र बनाकर सतयुग की नई दिव्य दुनिया की स्थापना करते हैं।



## पत्नी की ग़ैरइरादतन हत्या में पति को 10 साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री निजेन्द्र कुमार ने पत्नी की ग़ैरइरादतन हत्या करने वाले पति साजिद को दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पवार के अनुसार नहटौर थानांतर्गत ग्राम बेरमनगर निवासी इरशाद अहमद पुत्र फुरकान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 अप्रैल 2019 को रात्रि साढ़े बारह बजे उसके पड़ोस में शोर सुनाई दिया। वह अपने अन्य पड़ोसियों को साथ लेकर पड़ोसी साजिद पुत्र छोटे के घर में पहुंचे, जिसके घर से शोर की आवाज सुनाई दे रही थी। साजिद थाना कोतवाली देहात के मोहल्ला रजा कालोनी का रहने वाला था। वह अपनी पत्नी ताहिरा व अपने लड़के सुभान के साथ यहां रह रहा था। सुभान के रोने की आवाज सुनकर जब ये लोग साजिद के घर पहुंचे तो इन्हें देखकर साजिद सीढ़ियों से होकर छत से कूदकर भागने का प्रयास करने लगा। कूदते समय पैर में चोट लगने के कारण भाग नहीं पाया और पकड़ा गया। घर के अंदर जाकर देखा तो उसकी पत्नी ताहिरा के सिर में हथौड़ी की चोट लगी थी और सिर से खून निकल रहा था और गंभीर हालत में जमीन पर पड़ी थी। ताहिरा को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया। साजिद ने बताया कि उसे उसके चरित्र पर शक था। साजिद ने अपनी पत्नी को समझाया भी था और न मानने पर गुस्से में सिर में हथौड़ी मार दी। इलाज के दौरान ताहिरा की मृत्यु हो गई। इस मामले में अपराध सिद्ध होने पर साजिद को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 के तहत दस वर्ष कठोर कारावास एवं पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की धनराशि जमा न करने पर दो वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें : डीएम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय गौ-संरक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अस्थायी एवं स्थायी गौशालाओं में स्वच्छता, पर्याप्त चारा एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गौवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाए तथा गौवंश संरक्षण से संबंधित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक गौशाला के प्रवेश एवं निकास द्वार तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे गौवंश की सुरक्षा एवं देखभाल की सतत् निगरानी की जा सके। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर लोकेश कुमार अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय तथा खंड विकास अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हिन्दू सम्मेलन से पूर्व निकली कलश यात्रा

## आने वाला समय चुनौतीपूर्ण - वेदपाल आर्य

**धामपुर ( चिंगारी )।** अमखेड़ा मार्ग स्थित राज फार्म हाउस में आयोजित ग्राम जैतरा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गठित कालिका बस्ती एवं शक्तिपीठ बस्ती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा से किया गया। कलश यात्रा में शामिल महिलाओं ने अपने सिरों पर मंगल कलश धारण किये हुये थे।

ग्राम जैतरा के बड़ा शिव मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा की शुरुआत सामूहिक पूजन से की गई, जिसमें मुख्य यजमान ग्राम प्रधान सुनीता देवी चौहान सहित अमृता चौहान, पम्मी देवी चौहान, अलका रानी चौहान, बबली देवी आदि ने प्रदर्शित की। निर्धारित मार्गों की परिक्रमा के बाद कलश यात्रा हिंदू सम्मेलन स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई।


हिंदू सम्मेलन में विचार व्यक्त करते हुए प्रांतीय संपर्क प्रमुख वेदपाल आर्य।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय संपर्क प्रमुख वेदपाल आर्य ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वर्ष 1925 में हुई स्थापना से लेकर वर्ष 2025 तक समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि आने वाले वर्षों में समाज को क्या करना है, इसके लिए पांच परिवर्तन निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और जल संरक्षण जैसे विषयों को लेकर आज हम समाज के बीच आए हैं, क्योंकि आने वाला समय चुनौती पूर्ण होगा, इसलिए हमें अभी से जागृत होने की आवश्यकता है। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुशील रस्तौगी, पानप दास गुरुद्वारे के महंत वचन दास ने भी विचार व्यक्त किये।

### “ सम्मेलन में इनका रहा सहयोग

**इस अवसर पर कालिका बस्ती के प्रमुख आदित्य वीर सिंह, विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की संरक्षक सुनीता देवी चौहान, दुष्यंत राणा, सतीश कुमार, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, दुष्यंत चौहान, अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सिसोदिया, सचिव अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, मास्टर मदन पाल सिंह, जयवीर सिंह सिसोदिया, महेंद्र सिंह, राजेश सिंह, अनिलेश सिंह, अनिल कुमार, तारा सिंह, सुनील कुमार, गजेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, पुखराज सिंह एडवोकेट, दीपक कुमार, गौरव कुमार, अवनीश शेखावत, मनोज कुमार, ललित पाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, दुष्यंत कुमार, अजय वीर सिंह आदि का सहयोग रहा।**

# रामपुर के अधिवक्ता के हत्यारों को फांसी देने की मांग

## क्षेत्रीय बार एसोसिएशन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर द्वारा अध्यक्ष आरके आर्य एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ता हित में अनेकों मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को उप जिलाधिकारी धामपुर की गैर मौजूदगी तहसीलदार धामपुर के माध्यम से क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के अधिवक्ताओं द्वारा रामपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता फारूक अहमद खान को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने वालों के खिलाफ फांसी की सजा और अधिवक्ता की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया गया।

क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर अधिवक्ताओं द्वारा रामपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता फारूक अहमद खान की दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या करने वाले दोषियों के खिलाफ फांसी की मांग की गई और पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हो रहे टोलकर्मियों द्वारा मारपीट, जानलेवा हमले की निंदा करते हुए प्रत्येक टोल पर अधिवक्ताओं को टोल मुक्त करने की तथा जल्द से जल्द अधिवक्ता की सुरक्षा के लिए एडवोकेट एक्ट लागू करने की मांग की गई।


तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए अधिवक्ता।

एसोसिएशन के अधिवक्ता दुर्गा विहार कॉलोनी ग्राम न्यायालय परिसर में एकत्रित हुये और वहां से अधिवक्ता एकता जिंदाबाद, दोषियों को फांसी की सजा हो, अधिवक्ता एक्ट लागू हो की मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी धामपुर परिसर में पहुंचे और महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में तहसीलदार धामपुर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में आरके आर्य एडवोकेट अध्यक्ष क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा एडवोकेट, उपाध्यक्ष विवेक राज सोनी एडवोकेट, कनिष्क उपाध्यक्ष शाहबाज एडवोकेट, कुणाल गांधी एडवोकेट, संकेत अग्रवाल एडवोकेट, तालिब एडवोकेट, कृष्ण गोपाल एडवोकेट, मोहम्मद कैफ एडवोकेट, आमिर अंसारी एडवोकेट, सरफराज हुसैन एडवोकेट, इमरान एडवोकेट, आमिर एडवोकेट, पुलकित जैन एडवोकेट, शारुख मलिक एडवोकेट, लक्की एडवोकेट, अनस सईद एडवोकेट, सादान एडवोकेट, काजिम एडवोकेट मौजूद रहे।

# शिविरों में कांवरतियों की हो रही सेवा

**धामपुर ( चिंगारी )।** हरिद्वार से जल लेकर अपने गन्तव्यों को जाने वाले शिव भक्त कांवर्तियों के धामपुर से गुजरने से नगर का वातावरण शिवमय हो गया है। इस दौरान नगर में विभिन्न स्थानों पर लगे हुए कावर्ती सेवा शिविर में उनकी श्रद्धा भाव से सेवा की जा रही है। नगर के हृदय स्थल भगत सिंह चौक पर महाकाल सेवा संघ व भगत सिंह चौक क्लब की ओर से आयोजित शिविर में आज प्रात: काल सजाई गई महाकाल की झांकी के साथ बज रहे भजनों पर शिव भक्त जमकर थिरके। इस दौरान उन्हें जलपान भी कराया गया। नगीना मार्ग स्थित मंदिर कालिया वाला पर पत्रकार एकता मंच द्वारा दिवंगत पत्रकार सुशील कुमार रस्तौगी की स्मृति में कावर सेवा शिविर लगाया गया जहां कांवरतियों के लिए जलपान, भोजन, विश्राम, मेडिकल आदि की सुविधा प्रदान की जा रही है। शिविर में पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष मनोज कात्यायन, महामंत्री शाकिर अंसारी, संयोजक राहुल श्याम, अमित शर्मा, विपिन कुमार, राजीव कुमार, दिग्विजय सिंह, राकेश कश्यप आदि नि:स्वार्थ भाव से कांवड़ियों की सेवा कर रहे हैं।

## फिल्म ‘गोदान’ देखने उमड़े लोग

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय बंसल टाकीज में लगी गौ माता के सम्मान में बनी हुई फिल्म 'गोदान' को देखने के लिए लोगों में बड़ा उत्साह दिखाई दिया। आचार्य डॉ. दिनेश चन्द्र भारद्वाज द्वारा संचालित गौरी गौशाला आश्रम से जुड़े गौ भक्तों सहित विभिन्न संगठनों से गौ भक्त उपस्थित रहे। दमयन्ती देवी संस्थान के मालिक डॉ. आदित्य अग्रवाल ने 50 लोगों को अपनी ओर से टिकिट दिला कर तथा डॉ. एनपी सिंह ने 50 श्री राम मेडिकल कॉलेज पीपलसाना के छात्र एवं छात्राओं को फिल्म दिखलाई। फिल्म में गौ के प्रति सम्मान, समर्पण का सुन्दर चित्रण है। इस अवसर पर निकुंज शर्मा, मनीष शर्मा, अग्निवीर परिवार गौतम गिरि, सौरभ सैनी, अन्नू, प्रणव भारद्वाज, सरिता देवी, अनीता सिंह, माया सैनी, माहिनी शर्मा, तारा देवी, सोहित देव, सुषमा अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की आकस्मिक मौत


फाइल फोटो गजराम सिंह


विलाप करते परिजन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर थाना अंतर्गत गौरा बादल पुलिस चौकी पर तैनात होमगार्ड गजराम सिंह की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान होमगार्ड की मौत हो गई। घटना से होमगार्ड के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे दो बेटियां और पत्नी सहित परिवार को रोते बिलखते छोड़ गए हैं। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि गांव सरकथल सानी निवासी होमगार्ड गजराम सिंह (उम्र करीब 50 वर्ष) पुत्र होरी सिंह की ड्यूटी 11/12 फरवरी 2026 की रात्रि में थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी गौरा बादल पर लगी थी। प्रात: काल होमगार्ड गजराम सिंह की अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें उपचार हेतु आयुष्मान हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। तबीयत खराब होने पर ही परिवारजनों को सूचना दे दी गई थी। मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# धामपुर शुगर मिल के तौलन पटों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**धामपुर ( चिंगारी )।** नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग,उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में धामपुर शुगर मिल गेट पर स्थापित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक तौलनपटों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण विधिक माप विज्ञान विभाग की मोबाइल वेब्रिज टेस्टिंग वैन के माध्यम से संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान विधिक माप विज्ञान अधिकारी प्रशांत त्रिपाठी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित पाण्डेय, सचिव गन्ना समिति धामपुर विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहे। जांच के अंतर्गत तौलनपटों का परीक्षण विधिक माप विज्ञान अधिनियम एवं नियमों के तहत निर्धारित मानक बाटों द्वारा किया गया, जिसमें तौलनपट निर्धारित मानक सीमाओं के अनुरूप शुद्ध वजन प्रदर्शित करते पाये गये। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि गन्ना किसानों के हितों की रक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार की संयुक्त एवं क्रॉस जांच निरंतर की जाती रहेगी। निरीक्षण के दौरान मिल गेट पर महाप्रबंधक गन्ना ओमवीर सिंह, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# ओमकुमार ने विधानसभा में फिर उठाया हल्दौर को तहसील बनाने का मुद्दा

## और भी कई मांगें जोरदार ढंग से सदन में रखीं

**हल्दौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र 2026-27 के दौरान नहटौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमकुमार ने हल्दौर नगर पालिका क्षेत्र में तहसील स्थापित किए जाने का महत्वपूर्ण मुद्दा पुनः सदन में मजबूती के साथ उठाया।**

उल्लेखनीय है कि नहटौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हल्दौर को तहसील बनाए जाने की मांग क्षेत्रीय जनता द्वारा विगत कई दशकों से निरंतर की जा रही है। क्षेत्र की जनभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ओमकुमार ने पूर्व में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर हल्दौर में तहसील स्थापना हेतु अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री के निर्देशों के उपरांत जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा तहसील गठन संबंधी प्रस्ताव शासन को प्रेषित भी किया जा चुका है। बजट सत्र के दौरान विधानसभा में अपने संबोधन में विधायक ओम कुमार ने एक बार पुनः हल्दौर को तहसील घोषित किए जाने की मांग को प्रभावी ढंग से रखा, जिससे क्षेत्रीय जनता की अपेक्षाओं को बल मिला है। साथ ही उन्होंने नहटौर विधानसभा क्षेत्र में खिलाड़ियों की सुविधाओं के विस्तार हेतु एक आधुनिक स्टेडियम के निर्माण की मांग भी सदन में उठाई।



विधानसभा में हल्दौर को तहसील बनाये जाने का मुद्दा पुनः उठाते हुए विधायक ओमकुमार

विधायक ओमकुमार ने कहा कि हल्दौर को तहसील का दर्जा मिलने से क्षेत्र की लाखों जनता को प्रशासनिक कार्यों में सहूलियत प्राप्त होगी तथा विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। वहीं स्टेडियम निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होगा। साथ ही नियम 51 के तहत हल्दौर में रेलवे फाटक से अम्हेड़ा तक क्षतिग्रस्त मार्ग का नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण व नियम 301 के अंतर्गत ग्राम किनान उर्फ कल्याण से खतापुर तथा आरएचएस इंटर कॉलेज से नूरपुर-बिजनौर हाईवे तक सड़क बनाए जाने की मांग को सदन में उठाया। उक्त सभी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि चौ.नरेश कुमार ने बताया कि नहटौर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु विधायक ओमकुमार निरंतर प्रतिबद्ध हैं और क्षेत्रीय जनता के हितों की आवाज सदन में मजबूती से उठाते रहेंगे।

# महर्षि दयानंद के निर्वाण दिवस पर गांव में निकाली प्रभातफेरी

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम रतनपुर खुर्द हीमपुर दीपा गांव में महर्षि दयानंद सरस्वती निर्वाण दिवस पर प्रभातफेरी निकाली गई। आज प्रातः कालीन बेला में आर्य समाज मंदिर से तीन दिवसीय प्रभातफेरी का शुभारंभ हुआ, जिसमें ओम की ध्वज पताका के साथ सभी महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से संबंधित भजन और विभिन्न नारे लगाते चल रहे थे। बस स्टैंड थाना बैरियर मोंटी चौराहा से होते हुए पुनः आर्य समाज मंदिर पर पहुंचकर शांति पाठ और दैनिक अभिवादन से प्रभातफेरी का समापन किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य विनोद कुमार आर्य, सुरजीत सिंह आर्य, सुबोध कुमार आर्य,



मा. पुलकित आर्य, श्रीमती संतोष देवी आर्य, कु. शीतल आर्य, मा. विनीत आर्य, मा. बृजेश कुमार आर्य, लाला विशेष कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

# टेलीग्राम पर जॉब का झांसा देकर महिला से ठगे 9 लाख

### पीड़िता ने साइबर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**बिजनौर (चिंगारी)।** टेलीग्राम पर जॉब ऑफर का झांसा देकर ठगों ने एक महिला से करीब नौ लाख रुपये ठग लिये। पीड़िता ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्थानीय मोहल्ला नई बस्ती बी.14 निवासी हिमानी शर्मा पत्नी विकास कुमार ने बताया कि 21 सितंबर 25 को उनके पास टेलीग्राम पर नौकरी का मैसेज आया था। इसमें ट्रेनिंग के दौरान निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच दिया गया था। वह एक ग्रुप से जुड़ गई और बताए अनुसार काम करने लगी।

24 सितंबर 25 को ठगों ने कंपनी की एनिवर्सरी के नाम पर निवेश कराने को कहा। इस पर उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा से 4 लाख 11 हजार 439 रुपये आरटीजीएस के जरिए भेज दिए। बाद में पैसा वापस नहीं मिला तो 31 अक्टूबर 25 को 50 हजार रुपये यूपीआई से ट्रांसफर किए। इसके बाद ठगों ने रकम वापस करने के नाम पर और पैसे मांगे। मजबूरी में पीड़िता ने यूनियन बैंक से 4 लाख 50 हजार रुपये आरटीजीएस कर दिए। इसके बाद भी पैसा नहीं लौटा और फिर से रकम की मांग होने लगी। ठगी का अहसास होने पर हिमानी शर्मा ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। संबंधित बैंक खातों व मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# किसानों की आवाज़ थे अजित सिंह

### जयंती पर किया नमन

**चांदपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं रालोद के संस्थापक चौधरी अजित सिंह की जयंती पर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। यहां हल्दौर रोड पर रालोद के नगर अध्यक्ष मुंजरीम अहमद के प्रतिष्ठान पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में रालोद कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव किसान प्रकोष्ठ कृष्णपाल सिंह राठी ने कहा कि चौधरी अजित सिंह किसानों की असली आवाज थे, उनका राजनीतिक जीवन सादगी, संघर्ष और सिद्धांतों की मिसाल रहा है।




इस अवसर पर रालोद के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, जिला महासचिव डा. विपिन तोमर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, अकरम उस्मानी, मतलूव कुरैशी, इरफानुद्दीन, शमीम अहमद, प्रीतम प्रधान, डॉ. राजीव तोमर, हुकम सिंह (सेक्रेटरी), राजीव चौधरी, निमित चौधरी, दीपांशु अहलावत, भूदेव तोमर, भोले प्रधान, अशफाक प्रधान, सुरेश प्रधान, रविंद्र हिरनाखेड़ी, जगदीश सिंह, महेंद्र कश्यप, शहाबुद्दीन, कर्मेंद्र सिंह, सुहैल अहमद, वकील अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक चौधरी ने तथा संचालन रालोद के जिला महासचिव डा. विपिन तोमर ने किया।

# जनगणना कार्य सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए सुपरवाइजर्स और एन्यूमैरेटर्स की सूची तैयार कर लें : डीएम

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाता है। उन्होंने निर्देश दिये कि हाउस लिमिट ब्लॉक्स (HLBs) के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों को सुचारू सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए सुपरवाइजर्स एवं एन्यूमैरेटर्स की सूची तैयार कर लें, ताकि उनको उक्त कार्य के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण किया जाएगा, तदुपरांत भारत सरकार द्वारा दूसरे चरण के लिए निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप जनगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी।




उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार इस बार की जनगणना पूर्णतः डिजिटल मोड में होगी। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर डेटा संकलित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि जनगणना-2027 के लिए निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय बनाकर जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्य पूर्ण कराएं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिये कि वे आवश्यक संसाधनों, कार्मिकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा आवश्यक लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करें। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना के दौरान आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करें। बैठक में जिला प्रभारी जनगणना जेपी यादव ने विस्तार से जनगणना 2027 के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराते हुए अधिकारियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकाय तथा खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# हर-हर महादेव के जयकारों के बीच अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे कांवरती





शेरकोट (चिंगारी)। शुक्रवार को भी नगर से बड़ी संख्या में कांवरियों के आवागमन का सिलसिला जारी रहा। हरेवली चौराहे सहित जगह जगह कई स्थानों पर निरंतर सेवा शिविर चलने से क्षेत्र का वातावरण शिवमय बना हुआ है । हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौट रहे कांवरियों का गत मंगलवार से क्षेत्र से होकर गुजरने का सिलसिला शुरू हो गया था, जिसके चलते बृहस्पतिवार को हरेवली तिराहे पर कांवरियों की भारी भीड़ रही। आज भी कांवरियों के क्षेत्र से निरंतर गुजरने का सिलसिला जारी है। कांवरिये नगीना से जंगल के रास्ते नंदगांव हरेवली चौराहे पर आकर हाइवे से जोश और उत्साह के साथ हर-हर महादेव की। जयकारों और घुंघरू की झंकार के बीच तेजी से अपने अपनी मंजिल की ओर बढ़ते जा रहे हैं। मनोकामना मंदिर , गढ़ी मंदिर, रानी फूल कुंवारी कन्या विद्यालय, किसान सेवा सहकारी समिति,नंदगांव मार्ग सहित क्षेत्र में दर्जन भर से अधिक



नि:शुल्क कावंरती सेवा शिविर निरंतर जारी है। हरेवली चौराहे के निकट बड़ी संख्या में कांवरियों के जमा होने व तेज आवाज में डीजे पर भजन बजने से वातावरण शिव मय बना हुआ है।

## दो दर्जन सेवा शिविर लगे हुये हैं

गत वर्षो की भांति इस साल भी क्षेत्र में पिछले तीन दिन से अलग-अलग स्थानों पर दो दर्जन से अधिक लगे शिविरों में धर्मप्रेमियो द्वारा दिन-रात कांवरियों की सेवा की जा रही है। इस कार्य में कामेश्वर राजपूत, अंचल चौहान, विपिन चौहान, सुरेश चौहान,विशाल चौहान, ललित शर्मा, धर्मवीर राजपूत, पारूल चौहान, सोनू चौहान,सतीश चौहान, राजवीर गहलौत, राजू सिंह, , निपेन्द्र कुमार, निशांत चौहान, प्रधान पति पवन कुमार, पूर्व प्रधान हरज्ञान सिंह, महेंद्र सिंह, दया राम भारती, संजू कुमार आदि सहित सैकड़ों धर्मप्रेमी शिवभक्तों की सेवा में तन मन धन से जुटे है।

# मुस्लिम फण्ड ने पेश की भाईचारे की मिसाल

शेरकोट मुस्लिम फंड कमेटी द्वारा शिविर लगाकर शिवभक्तों को फल और पानी की बोतलों का वितरण किया गया। गया वर्षो की भांति इस साल भी मुस्लिम फंड द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की मिसाल कायम करते हुए नेशनल हाईवे पर पर कांवरियों की सेवा के लिए शिविर लगाया गया। कमेटी के पदाधिकारियों ने कांवर ला रहे शिवभक्तों को प्रेम पूर्वक केले, संतरे और पानी की बोतलें बांटी। इस अवसर पर मौलाना उबैदुर्रहमान, क़ारी ईस रैकुरैशी, शेख इस्माइल, मनीष रस्तोगी, दिलशाद अहमद प्रधानाचार्य नूर अफ्शा आदि शेरकोट मुस्लिम फंड कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नगर पालिका ने कराई सफाई और पथ-प्रकाश की व्यवस्था

कांवड़ यात्रा को लेकर कई दिन चल रहे सेवा शिविरों में चैयरपर्सन शबनम नाज़ के निर्देश नगर पालिका द्वारा सफाई, जलापूर्ति और पंथ प्रकाश की उचित व्यवस्था कराई जा रही है। चेयरपर्सन प्रतिनिधि मौ कमाल और ई ओ कृष्ण मुरारी ने शिविरो और क्षेत्र में राउंड लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर पालिका के टेंकर सेवा शिविरों में निरंतर जलापूर्ति के काम में जुटे हैं। सफाई कर्मी सफाई कार्य में जुटे हैं।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए कसीम व धीरेंद्र के बीच होगा मुकाबला

नजीबाबाद (चिंगारी)। बार एसोसिएशन नजीबाबाद का वार्षिक चुनाव 2025-26 आगामी 17 फरवरी को होगा। जिसमें अध्यक्ष पद पर कसीम अहमद, धीरेंद्र सिंह, महासचिव पद पर उदयवीर सिंह, नदीम अहमद, उपाध्यक्ष पद पर पंकज विश्नोई, गौरव अग्रवाल, सहसचिव पद पर अजयपाल सौदाई, अमित वर्मा के बीच मुकाबला होगा। जबकि चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रियासत हुसैन, सहसचिव प्रकाशन कु. शिवानी रानी, कोषाध्यक्ष मौ. हारून निर्विरोध चुने गये। जबकि वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों में कुलदीप कुमार जाखेटिया, कुलवंत सिंह, धीर सिंह, नवाब आलम, जरफिशा, नन्दराम सिंह, विनीत कुमार, अनुराग

## अनेक पदाधिकारी व सदस्य निर्विरोध चुने गये

सालवान, लेखराज सिंह, शमशाद अहमद, अबरार अहमद, अबुल वफा तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों में दानिश सैफी, शहबाज हसन, निजामुद्दीन, फराज हुसैन, कपिल चैहान, मौ. इकराम, अरशद शकील, राजकिरण, मौ. आरिफ कफील, मौ. दानिश, हैदर अब्बास, अमित शर्मा आदि शामिल रहे।

# स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में विस्तार से बताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। रमा जैन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना 2026 द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की संचालिका डॉ. पूनम अग्रवाल रहीं। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा लक्ष्य गीत के द्वारा किया गया। शिविर की मुख्य अतिथि डॉ. नीति शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में विस्तार से बताया। निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने छात्राओं से जागरुक होकर शिविर के कार्यों में भागीदारी करने का आग्रह किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मृदुला त्यागी ने भी छात्राओं को आगे बढ़कर कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर के दौरान छात्राओं के द्वारा सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई जो बहुत सराहनीय रही। शिविर में डॉ. भावना अरोड़ा, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, डॉ. सविता वर्मा, श्रीमती गुलनार, श्रीमती सुनीता आदि सभी शिक्षिकाओं ने अपना सक्रिय योगदान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिविर में वातावरण को अधिक सार्थक बनाया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। एम साजदा मेमोरियल स्कूल मुगलूशाह में वार्षिक परिणाम 25-26 घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक कारी मुजीबुर रहमान के बयान से किया गया। उन्होंने कहा कि जो बच्चे कठिन परिश्रम करते हैं वही बच्चे ही अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने मां-बाप को नसीहत करते हुए ने कहा कि वह बच्चे को वक्त पर स्कूल भेजें बिना जरूरत छुट्टी न कराए। स्कूल के प्रधानाचार्य लुकमान कुरैशी ने स्कूल की सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल तथा आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मेधावी छात्र-छात्राओं में सबीहा बानो, मन्नत, मोहम्मद साकिब, शुमायला इमरान, दरक्शा खुर्शीद, नाहिद, नौरीन अशरफ, माहिरा शाहिद, माहिरा रिजवान, शबी नूर, नूरुद्दीन, सलीम अहमद, अबुबकर, मौ. शारिक, अरहम हारून, अब्दुल रहमान सुल्तान, इनायत नूर अहमद, अफीफा कारी फहीम आदि शामिल रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि हाजी मोहम्मद अय्यूब, नसीम अहमद, मौलाना शाहबाज नदवी, मुफ्ती आदिल, मौलाना हसीन, मौलाना अयान, हाफिज फैजान महीगीर आदि मौजूद रहे। अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल के प्रबंधक कारी मुजीबुर रहमान ने खुशी का इजहार जाहिर करते हुए स्कूल के सभी अध्यापक, मास्टर लुकमान कुरैशी, कारी मौ. अबुजर कासमी, कारी सुलेमान, मास्टर वसीम, मास्टर हमजा को मुबारकबाद दी।

# भक्तों के लिए सजा गौरी शंकर मंदिर

## महाशिवरात्रि पर लगता है श्रद्धालुओं का तांता

मोईन अहमद



**मंडावर ( चिंगारी )।** गांव तीतरवाला स्थित प्रसिद्ध गौरी शंकर शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर आधी रात से कांवड़ का जल चढ़ाना शुरू हो जाता है। इस मंदिर पर हर वर्ष महाशिवरात्रि पर मेला लगता है। मान्यता है कि इस मंदिर पर जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है। इस मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग हैं। श्रावण मास का महीना हो या महाशिवरात्रि का पर्व मंदिर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। दूर-दराज के श्रद्धालु भी शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। महाशिवरात्रि की आधी रात से ही मंदिर पर हर-हर महादेव के जयघोष गूंजने लगते हैं। श्रद्धालु अपनी कावड़ समेत लाइन में लग जाते हैं। अपनी मुराद पूरी करने के लिए इस मंदिर पर श्रद्धालु पहले से ही कांवर चढ़ाने के लिए बोलते हैं। गांव वाले बताते हैं कि मंदिर में स्वयं भू शिवलिंग है। जब यह भूमि से उत्पन्न हुए थे, तब काजीवाला के लोग शिवलिंग को उठाकर अपने गांव ले जाने लगे जैसे ही शिवलिंग को बैलगाड़ी में रखा बैलगाड़ी जमीन में धंस गई, तभी से तीतरवाला में गौरी शंकर मंदिर स्थापित है। जमीन से निकलने के बाद शिवलिंग का आकार बढ़ता रहा है। शिवरात्रि के पर्व की मंदिर पर तैयारी पूर्ण हो गई है। मंदिर पर रातभर भजन-कीर्तन का आयोजन होता है। पुलिस की देखरेख में मंदिर में जलाभिषेक किया जाता है। वैसे तो गौरी शंकर मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए प्रत्येक दिन भक्तों का तांता लगा रहता है, लेकिन महाशिवरात्रि पर यहां भारी भीड़ उमड़ती है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि महाशिवरात्रि के लिए मंदिर की साफ सफाई में रंगाई पुताई का काम पूर्ण हो चुका है।

# 'माननीय मेरे महबूब अध्यक्ष महोदय..'

## स्वामी ओमवेश के सम्बोधन पर सदन में ठहाके लगे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चांदपुर से समाजवादी पार्टी विधायक स्वामी ओमवेश हर विधानसभा सत्र में अपनी विनोदप्रियता की छाप छोड़ते हैं। वर्तमान बजट सत्र में कल बृहस्पतिवार को जब उन्हें सदन में बोलने का अवसर मिला तो उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को 'मेरे महबूब' अध्यक्ष सम्बोधित कर सदन को ठहाके लगाने के लिए मजबूर कर दिया।



स्वामी ओमवेश ने अपना सम्बोधन 'माननीय मेरे महबूब अध्यक्ष महोदय' कहकर शुरू किया तो सदन में हंसी का फव्वारा फूट पड़ा। इसी के साथ स्वामी ओमवेश ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपने अध्यक्ष पद की शोभा बढ़ायी है। इसी तरह एक बार विधानसभा में स्वामी ओमवेश ने खुद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'स्टाफ' सम्बोधित कर वाहवाही बटोरी थी।

### राज्यपाल के अभिभाषण की आलोचना की

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए स्वामी ओमवेश ने कहा कि इस अभिभाषण में नारी, नौजवान और किसान की कोई बात नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में सात एक्सप्रेस-वे बनाने की बात कही गयी है, लेकिन यह नहीं बताया कि मजदूर की साईकिल और किसान की बुग्गी कहां चलेगी। प्रदेश में कारागारों के निर्माण की बात कही गयी है, लेकिन कहीं भी मानव निर्माण की बात नहीं कही गयी है।

### बिजनौर में हाईकोर्ट बेंच बनाने की मांग की

**स्वामी ओमवेश ने विधानसभा में बोलते हुए हाईकोर्ट की बेंच बिजनौर में बनाने की पुरजोर मांग की। उन्होंने कहा कि बिजनौर से प्रयागराज की दूरी बहुत अधिक है जिस कारण आम लोग न्याय से वंचित हो जाते है।**

## महाशिवरात्रि के मौके पर कांवरियों के लिए भंडारे का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार को मंडावर क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर में पं.ललित मोहन शर्मा के ब्रह्मोत्व में अमित राजपूत ने अपनी सहधर्मिणी रश्मि राजपूत, अपने बेटों शाश्वत राजपूत, मुदित राजपूत, सुधा देवी (माता) के सानिध्य में हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया। हवन पूजन में राजो देवी, सत्यम राजपूत, शौर्य राजपूत, बीएस राजपूत, प्रेरणा राजपूत, जयप्रकाश सिंह, नरेंद्र सिंह, रेशा, आकाशदीप, दीपक राजपूत, सर्वेश, शिप्रा, सुभाष सिंह, शशिबाला, शुभम, अरुण, सतेंद्र चौधरी, अवधेश, रणजीत सिंह, अरविंद राजपूत सहित समस्त संबंधी एवं मित्रगण उपस्थित रहे। अमित राजपूत ने बताया कि भंडारे में भोले कांवरियों के लिए निशुल्क खाना, गर्म दूध, गर्म चाय, गर्म पानी, दवाई, फल, रहने, नहाने आदि की व्यवस्था की गई है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की मनरेगा बचाओ पदयात्रा सफल बनाने की अपील

नजीबाबाद (चिंगारी)। कांग्रेस पदाधिकारियों ने पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ पदयात्रा के लिए गांव कनकपुर के प्रधान के आवास पर ग्रामीणों के साथ बैठक कर कार्यक्रम सफल बनाने को पदयात्रा में सभी से भारी संख्या में शामिल होने की अपील की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांव पानाहीमपुर के प्रधान तथा ग्राम किशनपुर आंवला व जहानाबाद के प्रधान के यहां भी बैठक आयोजित कर लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों बताते हुए मनरेगा पदयात्रा को कामयाब बनाने की अपील की। उन्होंने पदयात्रा में शामिल होने के लिए गांव शादीपुर बरूकी पहुंचने की अपील की। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सलाहुद्दीन सैफी, ब्लॉक अध्यक्ष विश्व मोहन सिंह के नेतृत्व में काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 14 से 17 फरवरी तक होगा जिले के हज यात्रियों का टीकाकरण

बिजनौर (चिंगारी)। वर्ष 2026 में जनपद बिजनौर से हज यात्रा पर जाने वाले सभी यात्रियों के लिए टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम 14 फरवरी से शुरू किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला हज ट्रेनर हाजी मुहम्मद आसिफ चांद ने बताया कि 14 फरवरी को बिजनौर में चांदपुर रोड स्थित पेरिस गार्डन में हाजियों का टीकाकरण व स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। रविवार 15 फरवरी को कासमिया इंटर कॉलेज नजीबाबाद, सोमवार 16 फरवरी को बैतुलमाल नगीना तथा मंगवार 17 फरवरी को आरयूएम हाई स्कूल शेरकोट में सुबह 8 बजे से एक रोजा हज तरबियती व टीकाकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें हज ट्रेनर्स द्वारा हज के अरकान समझायें जाएंगे और स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा टीकाकरण किया जाएगा। इसके अलावा मुस्लिम फंड किरतपुर के अध्यक्ष साइम राजा व उनकी टीम द्वारा सभी हज यात्रियों को निशुल्क मेडिकल किट का वितरण भी किया जाएगा। श्री चांद ने सभी आजमीने हज से दरखास्त की है कि वे कैंप में अपना कवर नंबर, खून की जांच रिपोर्ट, पासपोर्ट की फोटो कापी, मेडिकल फिटनेस सर्टीफिकेट, एक पासपोर्ट साइज़ फोटो और कोविड वैक्सीन का सर्टिफिकेट लेकर सुबह 8 बजे कैंप में अपना रजिस्ट्रेशन करा लें ताकि किसी भी परेशानी से बचा जा सके। अधिक जानकारी के लिए डॉ.जमील अहमद खान- 912217284, हाजी अय्यूब अहमद- 7906257615, मौहम्मद आसिफ़ एडवोकेट- 7520021773, फ़हद अली खान- 8650501737, डाश शहादत हुसैन- 9045622732 से सम्पर्क कर लें।

## जिला ताइक्वांडों चैम्पियनशिप में विद्यार्थियों ने मेडल हासिल किये




नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी नजीबाबाद के 14 वीं जिला ताइक्कांडो चैम्पियनशिप की टीम में शामिल विद्यार्थियों ने दूसरा स्थान पाया। टीम ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर व 8 ब्रांज मेडल जीते। चैम्पियनशिप का आयोजन 8 फरवरी को बिजनौर के वर्धमान डिग्री कॉलिज में किया गया। जिसमें वालिया ग्लोबल एकेडमी, नजीबाबाद के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। अनंत सिंह, परिधि, आद्यांश चैहान, निशांत चैहान व शौर्य सागर ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सोने के तमगे (गोल्ड मेडल) हासिल किए। पल्लव आनंद, मनस्वी, अधर्व चैहान, विख्यात, रौनक उदित, भनाया व अरहम ने सिल्वर मेडल जीते। ब्रांज मेडल विराज कुमार, इशांत, अक्षी, नौमान, आयु, काव्यांश, मोहम्मद अली आदि ने प्राप्त किये। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने विजेता छात्र-छात्राओं को उनकी विजय पर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ये बच्चे अपनी मेहनत व लगन से आने वाले वर्षों में और ऊंचे मुकाम हासिल करेंगे।.विद्यालय की प्रबंध समिति की ओर से कमलकांत वालिया. व रमाकांत वालिया ने बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी। विद्यालय के ताइक्कांडो कोच रिंकू वर्मा को जिला चैम्पियनशिप में बेस्ट कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धि हंसा ने किया। इस अवसर पर विनीत राणा, आशुतोष, रश्मि अवस्थी, पुनीत मेहरा, रवि शास्त्री, झप्पन झा, शुभम आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# पाठ्यक्रम में शामिल हो साइबर क्राइम विषय

## वरिष्ठ अधिवक्ता एसके बब्ली ने की सीनियर साइबर क्राइम एक्सपर्ट से बातचीत

**शहबाज़ अनवर 'शोबी'**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** तेज़ी से बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम के लिए पुलिस-प्रशासन के अलावा क़ानून विशेषज्ञों में भी चिंता है। इसी के मद्देनज़र गुरुवार को सीनियर साइबर क्राइम एक्सपर्ट नितिन भटनागर से ज़िला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष ने मुलाक़ात की, उन्होंने साइबर क्राइम जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग उठाई।

मुंबई से बिजनौर पहुंचे सीनियर साइबर क्राइम एक्सपर्ट नितिन भटनागर ने कहा कि वर्तमान में लूट, चोरी, डकैती के तरीक़ों में बदलाव आया है। पहले गन पॉइंट पर लेकर ऐसी वारदातें बदमाश अंजाम देते थे, लेकिन अब ये अपराध का तरीका एडवांस हुआ और अब ज़्यादातर घटनाएं साइबर क्राइम के ज़रिए की जा रही हैं। ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन, हैकिंग वगैरह के माध्यम से करोड़ों रुपयों की लूट और ठगी की जा रही है। इसमें भी सेक्सटॉर्शन ऐसा अपराध बनकर उभरा है, जिसमें सामाजिक लज्जा के भय से लोग अपनी जान तक दे रहे हैं।

इस मौक़े पर अधिवक्ता एसके बबली ने कहा कि पति-पत्नी के मध्य अलगाव और साइबर अपराधों के मामले सबसे अधिक दर्ज किए जा रहे हैं, ऐसे में उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि साइबर अपराधों से बचाव ही इसका इलाज है। अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए, कम से कम कक्षा पांच से बच्चों को एक विषय के रूप में साइबर अपराधों और उससे बचाव के तरीक़ों को एक विषय बनाकर पाठ्यक्रम में शामिल कराया जाए।

### युवा अधिवक्ताओं से आगे आने का आह्वान

अधिवक्ता एसके बबली ने युवा अधिवक्ताओं का आह्वान किया कि वे साइबर अपराध मामलों पर गहन जांच करें और बतौर एक्सपर्टीज तैयार हों।



नितिन भटनागर का स्वागत करते हुए सूर्यमणि रघुवंशी व शहबाज शोबी

### संपादक सूर्यमणि से भी मिले नितिन

नितिन भटनागर ने सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी से भी मुलाक़ात की। इस मौके पर उन्होंने संपादक से अख़बार के माध्यम से लोगों को जागरूक करने जैसे मुद्दों पर बातचीत की। संपादक सूर्यमणि ने सहयोग का आश्वासन दिया।

# चौ. अजित सिंह की जयंती पर फ़ैसल वसी के आवास पर आयोजित किया मेडिकल कैम्प

**बिजनौर (चिंगारी)।** मोहल्ला काजीपाड़ा में स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह की जयंती के पावन अवसर पर पुलकित ममोरियल हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई और मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉक्टरों की टीम में डॉ. मोहित, डॉ. आयुषी, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. विजय विष्ट, डॉ. कामिल मौजूद रहे। मोहल्ला काज़ीपाड़ा में पूर्व नगर अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल फैसल वसी के निवास पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और डाक्टरों द्वारा परामर्श प्राप्त किया। कैंप में उपस्थित डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। आयोजकों ने कहा कि जनसेवा ही सच्ची



श्रद्धांजलि है और इसी भावना के साथ स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह की जयंती पर यह सेवा कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र आचार्य, खान ज़फ़र सुल्तान, हरवीर चौधरी, डॉ. समरपाल, वकील अहमद, मोनिस अहमद, मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद फैज़ी, वसीम मलिक, मोहम्मद आमिर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**एक अन्य युवक घायल**

स्योहारा ( चिंगारी )। स्कूटी सवारों को अज्ञात कार ने टक्कर मारी, जिनमें से उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य का उपचार चल रहा है। बृहस्पतिवार की देर रात पुलिस को सुचना दी गयी कि स्योहारा-मुरादाबाद रोड स्थित ग्राम सुल्तानपुर के पास एक अज्ञात कार चालक द्वारा दो स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी गई है, जिनमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। ज्ञात हुआ कि अमन पुत्र गफ्फार निवासी मोहल्ला पटवारियान कस्बा स्कूटी से अपने साथी उवैश पुत्र रिहान के साथ सहसपुर से स्योहारा की ओर आ रहा था। इसी दौरान स्योहारा की ओर से जा रही कार से उनकी टक्कर हो गई। दुर्घटना में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उवैस को हल्की चोटें आईं। दोनों घायलों को तत्काल एम्बुलेंस द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की पुष्टि की।

# शादी से लौट रहे व्यक्ति की दुर्घटना में मौत

स्योहारा ( चिंगारी )। ठाकुरद्वारा रोड पर एक विवाह मंडप के पास स्कूटी सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गया। राहगीरों ने अस्तपाल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बृहस्पतिवार की शाम को भारत सिंह निवासी शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा नगीना में एक शादी में शामिल होकर वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह ठाकुरद्वारा रोड से शरीफनगर के लिए चला तो किसी वाहन ने टक्कर मार दी।

# आयोग के सदस्यों ने किया निरीक्षण



**नूरपुर (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार को अनुसूचित आयोग के सदस्य महिपाल सिंह वाल्मीकि ने नगर पालिका परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया, जिसके बाद उन्होंने मलिन बस्ती मोहल्ला गांधीनगर वार्ड- 3 का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों की समस्या, अनुसूचित जाति समुदाय क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों का जायजा लिया। वाल्मीकि समाज के लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, उज्जवला गैस, मुफ्त अनाज, विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन आदि की जानकारी दी। उन्होंने अशोक कुमार, रवि कुमार, ओमकार आदि कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी, नायब तहसीलदार, ईओ संतोष मिश्र आदि मौजूद रहे।

# तीन दलों का गठबंधन, चन्द्रशेखर होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

**बिजनौर (चिंगारी)।** आजाद समाज पार्टी, जनसेवा दल एवं पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने 2027 का विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने का फैसला लिया है। तीनों पार्टियों ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर यह घोषणा की है।

बता दें कि जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर पिछले कई दिनों से तीनों दलों का गठबंधन कराने की मुहिम में लगे थे। विनेश ठाकुर का कहना है कि आजादी के बाद से आज तक सत्ता सरकार से वंचित रही जातियों को हर हाल में बराबर की हिस्सेदारी दिलाना उनका मकसद है, जो एक प्लेटफार्म पर आए बिना संभव नहीं था। गठबंधन के मुख्यमंत्री का चेहरा आसपा सांसद चन्द्रशेखर होंगे।

बृहस्पतिवार को नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय



अध्यक्ष भीम आर्मी चीफ नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लाइव आकर कहा बहुजन आंदोलन को सफल बनाने के लिए अति पिछड़ी जातियों को साथ लेकर चलना जरूरी है। इसलिए जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के संस्थापक पूर्व आईपीएस डॉ. बीपी अशोक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्धार्थ वाल्मीकि के साथ लंबी चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव एक साथ मिलकर लड़ा जाएगा। पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के संस्थापक पूर्व आईपीएस डॉ. बीपी अशोक ने कहा कि बहुजन आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा।

# जा रहे शिवभक्त मिलकर कदम से कदम पांवों में बंधे घुंघरू कर रहे छम-छम


शिवलिंग पर जलाभिषेक करते शिवभक्त।


शिवभक्त कांवड़ के सामने बैठ कर माफी मांगता हुआ।

**मोहित कर्णवाल/नौशाद मुल्तानी**

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। महाशिवरात्रि का महीना, भगवान शिव की आराधना का विशेष महीना माना जाता है। शिवभक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल कावड़ लाते है, पैरो में घुंघरू बांध, छम छम करते हुए एक दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाते हुए भगवा रंग के कपड़े पहने हुए भजन कीर्तन करते हुए चल रहे है। शिवभक्तों के हाथ में तिरंगा व जय श्री राम, भगवान शिव का झंडा लहराता हुआ बड़ा ही सुशोभित हो रहा है। मन्दिर परिसर में घंटो की आवाज व हर-हर महादेव के जयकारे की आवाज बड़ी ही मधुर लग रही है, पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। शिव भक्त शिवलिंग पर जल चढ़ाकर पूजा अर्चना कर बाबा भैरो का सोंटा लगवाकर अपनी थकान मिटा रहे है। पुरुषों के साथ महिलाएं व बच्चे भी कांवड़ ला रहे है। मंदिर के पूजारी शशिनाथ सभी शिवभक्त कावड़ियों को बड़े ही प्रेम भाव के साथ जल चढवा रहे है। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ नितेश प्रताप सिंह, एसडीएम शैलेंद्र कुमार लगातार भ्रमण कर कांवड़ यात्रा पर नजर बनाए हुए है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, मोटा महादेव पुलिस चैकी इंचार्ज सोनू सिंह भी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र व मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे हुए है।

## शिवभक्त कांवड़ की करते हैं आरती, मांगते हैं माफी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। शिव भक्त जब हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर चलते हैं, तब पूजा अर्चना कर संकल्प लेकर भगवान शिव से प्रार्थना करते हैं कि उनकी कांवड़ यात्रा मंगलमय हो व भगवान शिव के आशीर्वाद से पूरी कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न होती है, शिव भक्त जहां भी रात्रि विश्राम के लिए रुकते वहां पर शाम के समय व सुबह चलने से पहले कांवड़ की पूजा अर्चना कर आरती उतारते है, मान्यता है कि कांवड़ भगवान शिव का रूप है। शिवभक्त अनजाने में कोई गलती हुई हो तो कांवड़ के सामने कान पकड़ कर बैठक लगाकर माफी भी मांगते है।

## सच्चे मन से की गई पूजा कभी खाली नहीं जाती

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मोटा महादेव मंदिर एक सिद्धपीठ स्थान है जिस कारण इसे स्वयंभू मोटा महादेव सिद्धपीठ मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस प्रसिद्ध शिव मंदिर परिसर में ही भैरो बाबा का मंदिर भी है। मौर्य काल के समय में शिव मंदिर का निर्माण हुआ था, जिसका बाद में साहनपुर रियासत के द्वारा जीर्णोद्धार कराया गया था। इस मंदिर में सच्चे मन से की गई पूजा अर्चना कभी खाली नहीं जाती। सभी श्रद्धालुओं की सच्चे मन से मांगी गई मुराद भोले बाबा पूरी करते है।**

## बाबा भैरो के दर्शन से होती है मोटा महादेव मंदिर की यात्रा सफल

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मोटा महादेव पर शिव मंदिर परिसर में ही बाबा भैरो का मंदिर है जो कि प्राचीन मंदिर है। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लाते है। मोटा महादेव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के बाद बाबा भैरो के दर्शन कर उनका सोठा लगवाकर अपनी थकान को दूर करते है। मान्यता है कि सोठा लगने से श्रद्धालुओं की सारी थकान दूर हो जाती है। बताया जाता है कि जो श्रद्धालु शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाबा भैरो के दर्शन नहीं करते है उनकी मंदिर की यात्रा अधूरी रह जाती है। इसलिए भोले बाबा के दर्शन के बाद बाबा भैरो के दर्शन करना जरूरी होता है। बाबा भैरो के दर्शन से मोटा मंदिर मंदिर की यात्रा सफल होती है।

## किरतपुर थाना प्रभारी ने मोटा महादेव पर की पूजा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। किरतपुर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बीती शाम मोटा महादेव मंदिर पर अपने परिवार के साथ पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कराई। थाना प्रभारी ने भगवान शंकर, बाबा भैरो, शिव के गण नंदी को भोग लगाकर हरिद्वार से आने वाले शिवभक्तों को अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। किरतपुर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह पूर्व में मंडावली थाना प्रभारी रहे है। पुलिस के इस पुनीत कार्य को शिवभक्तों ने सराहनीय बताया।

## गायत्री साधकों ने किया भगवान शिव की प्रतिमा का जलाभिषेक



नजीबाबाद (चिंगारी)। रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित शिव वाटिका पर भगवान शिव की विशाल प्रतिमा का गायत्री साधकों ने गंगाजल से जलाभिषेक किया। सवा लक्ष महामृत्युंजय मंत्र व ओम नमः शिवाय का जाप सामूहिक रूप से किया गया। ऊँ जय शिव ओंकारा भगवान शिव की आरती की गई। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार के नेतृत्व में गायत्री साधकों ने उपरोक्त कार्यक्रमों से पूर्व शिव वाटिका परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ दीपक कुमार ने कहा कि शिवों भूत्वा शिवं यजेत अर्थात शिव बनकर शिव की पूजा करें। कार्यक्रम में मा. सत्यपाल राजपूत, एचपी गुप्ता, सुमन वर्मा, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, नीलम बरनवाल, प्रभा राजपूत आदि ने जलाभिषेक किया।

## महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों को दूध का प्रसाद वितरित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर नजीबाबाद के चौक बाजार में शिव भक्तों को दूध का प्रसाद वितरित किया गया। शिविर में पहुंचे शिव भक्तों ने भगवान शिव शंकर का प्रसाद ग्रहण कर जय भोले के जयकारे लगाए। जिससे नगर का वातावरण भक्ति में हो गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष में नगर के चौक बाजार में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में दो दिवसीय कांवरती सेवा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक अरुण शर्मा की उपस्थिति में लगे सेवा शिविर के दूसरे दिन भी शिव भक्तों को दूध का प्रसाद वितरित किया गया। बता दें कि महाशिवरात्रि पर्व के चलते नगर में कांवड़ियों का मेला शुरू हो चुका है। ऐसे में हरिद्वार से पैदल गंगा जल लेकर शिव भक्त अपने घरों की ओर रवाना हो रहे हैं। आयोजक अरुण शर्मा ने कहा कि कांवड़ मेले के चलते शिव भक्तों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है, हम सभी को शिव भक्तों की सेवा के लिए कांवड़ सेवा शिविर लगाने चाहिएं। शिविर में संदीप शर्मा, गोविंद पाल, अनुज कौशिक, उमेश अग्रवाल, सुरेंद्र वर्मा, महेंद्र वर्मा, ओम कुमार, मयंक शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।



# बी केयरफुल, लिव चीयरफुल..

## विदाई समारोह में विद्यार्थियों को संदेश दिया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** हिंदू इंटर कॉलेज में कक्षा 11 के छात्रों ने कक्षा 12 के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकाश कुमार को 'मिस्टर फेयरवैल' तथा ऋतिक कुमार को 'मिस्टर एचआई सी' चुना गया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि सभी छात्र अनुशासित एवं संयमित होकर बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक लाने का प्रयास करें। कार्यक्रम संयोजक डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी ने छात्रों को 'बी केयरफुल, लिव चीयरफुल', का मंत्र देते हुए कहा कि यदि आप इस मंत्र का जीवन में अनुसरण करेंगे तो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करोगे। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के 10 प्रश्नों का सटीक उत्तर देकर आकाश कुमार कक्षा 12 विज्ञान, का छात्र 'मिस्टर फेयरवैल' चुना गया तथा विद्यालय के मेधावी छात्र ऋतिक कुमार को उसकी प्रदेश स्तरीय योग



प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने, अनुशासित रहने तथा विद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने पर 'मिस्टर एचआईसी 2026' के ख़िताब से नवाजा गया। कार्यक्रम में नरपाल सिंह, एनसीसी प्रभारी अंजू आर्य, रेशु शर्मा, पूनम बिश्नोई, कविता गर्ग, शशिबाला शर्मा एवं साजिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

## शोक जताया

चांदपुर ( चिंगारी )। शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक ने हिन्दू इंटर कॉलेज के शिक्षक अनुपम सचदेवा के आकस्मिक निधन पर शोक जताया। शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## मेधावियों को पदक प्रदान किये

**चांदपुर ( चिंगारी )।** फादरसन पब्लिक स्कूल में दिल्ली विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र के साथ स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी भाषा में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, भाषा-प्रेम और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी निरंतर परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया।



## ग्राम चंदोक में मनाई गई अजित सिंह की पुण्यतिथि



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक चौधरी अजित सिंह की 87 वीं जयंती ग्राम चंदोक में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। ग्राम चंदोक में रालोद के प्रदेश महासचिव चौ. ब्रजवीर सिंह के आवास पर रालोद के संस्थापक चौधरी अजित सिंह की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनके द्वारा किसान हित में किये गये उल्लेखनीय कार्यों को याद किया गया। रालोद के रुहेलखंड क्षेत्र के महासचिव चौ. वीरपाल सिंह ने कहा कि स्व. चौधरी अजित सिंह सदन में और सड़क पर किसानों की बुलंद आवाज थे। 1989 में केंद्रीय उद्योग मंत्री रहते उन्होंने 44 चीनी मिलों की स्थापना कराई, जिससे किसानों को बहुत बड़ा लाभ मिला। उनका पूरा राजनीतिक जीवन किसानों-मजदूरों के हितों की रक्षा तथा उनके उत्थान के लिये समर्पित रहा। उनके जैसे नेता सदियों में पैदा होते हैं। शिशुपाल सिंह, वसीम बख्श, यशपाल सिंह, नौरंग मुंशी, साधुराम प्रधान, कुलवीर सिंह, लोकेन्द्र सिंह, समरपाल सिंह, यशवीर सिंह, कृपाल सिंह, सूरजभान सिंह, शक्ति चौधरी, मदनपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## किसान सभा ने तहसील पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुरुवार को किसान सभा के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को दिये 7 सूत्रीय मांग-पत्र में मजदूरों को हड़ताल करने व यूनियन बनाने के अधिकारों को बहाल किए जाने, मनरेगा का मजबूत स्वरूप बहाल किए जाने तथा वर्ष में 200 दिन काम व 700 रूपये प्रतिदिन मजदूरी दिये जाने, बिजली कानून वर्ष 2005 वापिस लिए जाने, घरेलू व नलकूपों की बिजली की पुरानी स्थिति बहाल किए जाने, स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कर सभी फसलों को एमएसपी के दायरे में लाकर कानूनी गारंटी दिये जाने, चांदपुर-बास्टा रोड का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराये जाने, खादर क्षेत्र में आने वाली बाढ़ की रोकथाम के लिए गंगा नदी पर तटबंध बनाए जाने, चांदपुर-मेरठ वाया हस्तिनापुर सड़क का चौड़ीकरण, उच्चीकरण व आवश्यकनुसार पुलों का निर्माण कराये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में किसान सभा के जिलाध्यक्ष का तुलाराम, का. अमर सिंह सैनी, मांगेराम सैनी, मनोज कुमार सैनी, मनीष कुमार, भारत सिंह, मलखान सिंह, रेवती सिंह, बदरूल हसन, हरपाल सिंह, जय सिंह, हरपाल सिंह, वीरेन्द्र कुमार आदि शामिल थे।

## अंग्रेजी से नहीं डरें, परीक्षा में सही प्रबंधन करें !

**सहसपुर ( चिंगारी )।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। छात्र-छात्राएं इस समय परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर एचएम गर्ल्स इंटर कॉलेज सहसपुर के अंग्रेजी के प्रवक्ता मोहम्मद तहसीन उर्फ भंडारी ने छात्रों को परीक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। श्री मोहम्मद तहसीन ने बताया कि और सभी विषय के साथ-साथ अंग्रेज़ी पर भी विशेष ध्यान दें, अंग्रेज़ी से डरें नहीं, इसको अपने ऊपर हावी न होने दें। इस विषय से दोस्ती करें। उन्होंने समय के सही प्रबंधन पर ज़ोर दिया। श्री तहसीन अहमद ने बताया कि प्रश्न पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय लें, उत्तर लिखने के लिए 45 मिनट लें और शेष समय साहित्यिक रचना लिटरेचर के लिए उपयोग करें। उन्होंने साफ सुथरी और स्पष्ट लिखावट में उत्तर लिखने तथा रोल नंबर और प्रश्न संख्या सही-सही अंकित करने की सलाह दी। स्पेलिंग और ग्रामर का विशेष ध्यान रखने पर ज़ोर दिया। राइटिंग सेक्शन में लेटर एप्लीकेशन रिपोर्ट और आर्टिकल के प्रारूप को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया, जिसमें मुख्य बिंदु अवश्य शामिल हो भले ही उत्तर बहुत लंबे न हों। अंत में अपने किए गए पूरे कार्य को दोबारा जांचने के लिए अंतिम 10 मिनट का उपयोग करने की सलाह दी।



मोहम्मद तहसीन उर्फ भंडारी

## यूपी सरकार के बजट में दिव्यांगों के साथ हुआ धोखा - अरबाज

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** पिछले कई दशकों से दिव्यांगों, बुजुर्गों, विधवाओं व गरीबों के हकों की लड़ाई लड़ने वाले विकलांग नेता अरबाज अंसारी ने प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर उंगली उठाते हुए बेहद नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि उन्हें इस बार अटूट उम्मीद थी कि प्रदेश की योगी सरकार दिव्यांगों, विधवाओं, बुजुर्गों व गरीबों के लिए बड़ा दिल दिखाएगी और बजट के पैकेज इस वर्ग की झोली खुशियों और मदद से भर देगी, लेकिन अफ्सोस सरकार ने बजट तो पेश किया, लेकिन इस वर्ग के साथ धोखा करते हुए इन्हें अपनी तरफ से यह संदेश दिया कि इस वर्ग के लिए हमारे बजट में न तो कोई जगह नहीं है, और न ही हमें इनकी जरूरत है।



उन्होंने कहा कि न ही पेंशन में बढ़ोतरी हुई और न ही अंत्योदय कार्ड की घोषणा हुई और न ही आयुष्मान कार्ड की घोषणा हुई, इतना ही नहीं दिव्यांग एक्ट 2016 भी लागू नहीं हुआ। दिव्यांग आरक्षण 4 से 10 प्रतिशत होना माना जा रहा था, वह भी नहीं हुआ। दिव्यांगजनों को रोजगार के लिए ऋण की घोषणा नहीं हुई, यूडीआईडी परिवहन बस और ट्रेन में लागू होने थे, उसकी भी घोषणा नहीं हुई। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने इन वर्गों की अनदेखी की, जिसका खामियाजा अब बिजनौर से लखनऊ तक सड़कों पर दिखाई देगा। सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर इन वर्गों को न्याय दिलाने का काम किया जाएगा।

### आत्मनिर्भर भारत का नारा भी हवा हवाई

*अरबाज अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी जी ने पूरे भारत को अपने जोशीले भाषण में कहा है कि आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर गरीबों को आत्मनिर्भर बनाएगा कौन ? गरीब, गरीब होता जा रहा है और अमीर, अमीर होता जा रहा है।*

# कब्रिस्तान की जमीन से अतिक्रमण हटाया



झालू (चिंगारी)। नगर में जिलाधिकारी के निर्देश पर सरकारी व धार्मिक संपत्तियों से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के तहत गुरुवार दोपहर नहटौर रोड झालू तिराहे के पास कब्रिस्तान पर बने अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। तहसील, चकबंदी विभाग की संयुक्त टीम ने बुलडोजर की मदद से मौके पर बनी हुई अवैध दुकान और दीवार को गिरा दिया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ रही। झालू-नहटौर मार्ग स्थित इस भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। प्रशासन ने सरकारी अभिलेखों के आधार पर कार्रवाई करते हुए बताया कि नगर पंचायत व राजस्व रिकॉर्ड में यह भूमि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। चकबंदी लेखपाल सेवाराम ने बताया कि अवैध कब्जा हटाने के लिए पूर्व में कई बार नोटिस चस्पां किए गए थे तथा मौखिक रूप से भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन आदेशों की अवहेलना की जा रही थी। डीएम के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। भूमि पर पिलर लगवाकर सीमांकन कर दिया गया है। मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों अनसुद्दीन, रईस उद्दीन, रिजवान, अशरफ व कफील आदि ने यह संपत्ति वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताई है। उधर, ईसाई समुदाय द्वारा अक्टूबर 2025 को जोशवा थॉमस (सीएमसी चर्च प्रॉपर्टी चेयरमैन) द्वारा जिलाधिकारी को कब्रिस्तान पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। कार्वाई के दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी भगत सिंह, चकबंदीकर्ता जितेंद्र सिंह, राजस्व लेखपाल विवेक कुमार और नगर पंचायत के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# साईं मंदिर पर हुआ भण्डारा



**बिजनौर (चिंगारी)। कल मोहल्ला बाजार संभा में साईं बाबा के मंदिर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। धर्मेंद्र चौहान, श्रीमती अंबुज चौहान सचिन राठौर रामबाग कॉलोनी बिजनौर के सहयोग से भण्डारा संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर अरुण खन्ना, नरेंद्र शर्मा, अमित शर्मा, अमरदीप शर्मा, रवि खन्ना, दीपक शर्मा का विशेष योगदान रहा।**

# शरीफों का सम्मान होगा, अपराधियों की खै़र नहीं

## रेहड़ के नवागत प्रभारी निरीक्षक ने दोटूक कहा

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। थाना रेहड़ के प्रभारी निरीक्षक बनाए गए राजीव कुमार वर्मा ने गत दिवस अपना पदभार ग्रहण कर पुलिस टीम के साथ परिचय बैठक की और अपनी कार्यशैली से उन्हें अवगत कराया। मूलरूप से जनपद हरदोई निवासी इंस्पेक्टर राजीव कुमार वर्मा दो माह पूर्व ही बदायूं जिले से स्थानांतरित होकर बिजनौर आए हैं, जिन्हें एसपी अभिषेक झा ने पहले विशेष जांच प्रकोष्ठ के प्रभारी की जिम्मेदारी दी और अब थाना रेहड़ के प्रभारी निरीक्षक के पद पर उन्हें नियुक्त किया है। बिजनौर जिले में उनका यह पहला चार्ज है। 'चिंगारी' प्रतिनिधि एस.एम. असलम से बातचीत के दौरान उन्होंने क्षेत्र की कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना एवं फरियादियों की सुनवाई व उनके संतोषजनक समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया।



इंस्पेक्टर राजीव कुमार वर्मा

# दूषित खाने से 50 बाराती बीमार

## बरात से लौटते ही उल्टी दस्त होने लगे

**खासपुरा (चिंगारी)। ग्राम खासपुरा निवासी एक व्यक्ति की पुत्री की बारात बिजनौर थाना कोतवाली क्षेत्र अज्जू नंगली से नूरपुर के एक विवाह मंडप में आई थी। बुधवार की देर रात्रि बरात में खाना खाने के बाद 50 से अधिक बराती फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। बारात से लौटने के बाद अगले दिन से ही बारात में गए मेहमानों को उल्टी दस्त की समस्या होने लगी। एक के बाद एक उल्टी-दस्त की समस्या से ग्रसित लोगों ने नूरपुर, चांदपुर, बिजनौर स्थित अस्पतालों में इलाज कराया, कुछ मरीज अभी भी भर्ती है। लड़की पक्ष ने बताया कि अभी पूरी जानकारी सामने नहीं आई है कि किस चीज से ऐसी समस्या हुई है, जिससे बरात में पहुंचे मेहमानों को फूड पॉइजनिंग हो गई। नूरपुर पीएचसी प्रभारी अजय गन्धर्व के अनुसार ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है।**

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# आखिरकार मौत से हार ही गया सैफुल

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। डेढ़ साल से जिंदगी और मौत के बीच जूझते हुए सैफुल आखिरकार मौत से हार ही गया। ग्राम सीरवासुचंद निवासी बाबू उस्मानी उर्फ बाबू सिक्रेट्री का 25 वर्षीय पुत्र सैफुल साढ़े तीन साल पूर्व टेलरिंग के काम में कुवैत गया था। वहां उसने 2 साल तक सिलाई कार्य किया। एक दिन उसके पेट में कुछ दिक्कत हुई तो जांचोपरांत वहां के चिकित्सकों ने उसे किडनी प्रॉब्लम बताते हुए घर भेज दिया। परिजन यहां तभी से उसका इलाज करा रहे थे। कुछ दिनों से हर तीसरे दिन डायलिसिस की नौबत आने पर गुरुवार को आखिरकार सैफुल ने मौत से हारकर दम तोड़ दिया। सैफुल की मौत से परिजनों में कोहराम व दोस्तों एवं पास-पड़ोस में रंजोगम का माहौल है। आज बाद नमाज जुमा नमाज-ए-जनाजा पढ़कर उसे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। तमाम लोगों ने जनाजे में शिरकत कर उसके लिए दुआएं मगफिरत की।



मृतक का फाइल फोटो

# दस हजार के मानदेय में शिक्षामित्रों को गुजर बसर करना कठिन - संजीव डबास

बिजनौर (चिंगारी)। शिक्षामित्र शिक्षक संघ की बैठक मण्डल अध्यक्ष की अध्यक्षता में एजाज अली पार्क बिजनौर में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी ने बताया कि पिछले 25 सालों से विद्यालयों में शिक्षकों के समान कार्य करने वाले शिक्षामित्रों को मात्र दस हजार रुपये मानदेय 11 माह के लिये दिया जाता है। इस अल्प मानदेय के कारण अपना व अपने परिवार का पेट पालना भी मुश्किल हो गया है। 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के समय प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मानदेय वृद्धि की घोषणा की थी, लेकिन बजट में मानदेय में वृद्धि न होने पर शिक्षामित्रों को घोर निराशा हुई है। मण्डल अध्यक्ष संजीव डबास ने कहा कि शिक्षामित्रों के लिये बजट में मानदेय वृद्धि न होना दर्शाता है कि सरकार शिक्षामित्रों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। बैठक में चारू राणा ने कहा कि शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि न होने पर शिक्षामित्र मानसिक अवसाद की स्थिति में कि वे अपने परिवार का पालन-पोषण कैसे करें। बैठक में भूपेन्द्र सिंह, अमित चौधरी, वेदपाल सिंह, विनीता रसी, मोनू, सीमा, रीता सूर्यकान्त, रविन्द्र कटियार, सुरेश शिक्षामित्र उपस्थित रहे।



# पश्चिमी उ.प्र. के 12 जिलों को दिल्ली में शामिल करें - मांडी


बिजनौर (चिंगारी)। नगर के होटल में नव राज्य निर्माण महासंघ के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष रामपाल मांडी ने प्रेस वार्ता में कहा कि 45 वर्षों से हाईकोर्ट बैंच के आंदोलन को नजर अंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रेस वार्ता में बताया पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 12 जनपदों को दिल्ली में शामिल किया जाए, जिससे हाईकोर्ट बैंच विवाद का स्वयं निस्तारण हो जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा की शुक्रताल में ऑल इंडिया मेडिकल कॉलेज बनाया जाए। शुक्रताल के किसान एम्स के लिए अपनी जमीन देने के लिए तैयार है, जिससे बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, हापुड़ आदि जिलों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। ज्यादातर मेडिकल कॉलेज व्यापार का अड्डा बने हुए हैं, जहां उचित चिकित्सा नहीं मिल पाती है। इसके लिए नव राज्य निर्माण महासंघ 14 फरवरी को दिल्ली जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन करने जा रहा है। मांडी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। पार्टी की छोटे प्रदेश की नीति है। पश्चिम उत्तर प्रदेश के इन 12 जिलों को दिल्ली में मिला दिया जाए तो इस क्षेत्र का और चहुंमुखी विकास हो सकेगा। प्रेस वार्ता में श्री धर्मवीर वालिया प्रदेश सचिव, खगेश कुमार शर्मा, राजेंद्र कुमार कश्यप मंत्री प्रतिनिधि राजपाल सिंह गुर्जर उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश, कविता चौधरी, अशोक कुमार, वीरेंद्र सिंह, गुलाम साबिर प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, आबिद हुसैन, लियाकत, वहाजुद्दीन आदि उपस्थित रहे।



# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बाबा झारखंड शिव मंदिर

मु. अजमल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चांदपुर से लगभग दो किमी.की दूरी पर स्याऊ-छाछरी मार्ग पर स्थित बाबा झारखंड शिव मंदिर क्षेत्र ही नहीं, बल्कि जनपद व आसपास के जनपदों में रहने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। ऐसी मान्यता है कि मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मुराद भोले बाबा के आशीर्वाद से पूरी होती है। फाल्गुन व श्रावण मास के साथ-साथ प्रत्येक सोमवार को मंदिर पर मेले जैसा दृश्य रहता है। वर्ष में दो बार आने वाली शिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालु भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करते हैं।




बाबा झारखंड शिव मंदिर के बारे में बताया जाता है कि लगभग 500 वर्ष पूर्व वर्तमान मंदिर के स्थान पर घना जंगल था, लोग वहां पर अपने पशुओं को चराने आते थे। एक ग्वाला अक्सर देखता था कि घने जंगल के बीच स्थित एक ऊंचे टीले पर उसकी गाय के थनों से अपने आप दूध की धारा बहने लगती है, कई दिनों तक लगातार यह दृश्य देखने पर ग्वाले ने उस स्थान की खुदाई की तो वहां पर गहराई में पत्थरनुमा शिवलिंग दिखाई दिया। बाद में ग्राम स्याऊ निवासी ध्यान सिंह व उनके परिवारजनों ने उक्त जमीन को मंदिर के लिए दान कर दिया। वर्तमान में उस स्थान पर भोले शंकर का विशाल मंदिर बना हुआ है, ओर उसके बराबर में मौनी बाबा की समाधि बनी हुई है।

मंदिर परिसर में इस समय एक धर्मशाला तथा 32 बीघा झील के मध्य लक्ष्मी विष्णु मंदिर, सरभंग बाबा की समाधि, हनुमान मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, यज्ञशाला, श्री राम दरबार, शंकर पार्वती मंदिर, शनि देव मंदिर, गायत्री माता मंदिर, पीपल देवता वृक्ष, वट देवता आदि हैं। मंदिर परिसर में स्थित झील के मध्य पिलर पर बनाया गया भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। शिवरात्रि के साथ-साथ प्रत्येक सोमवार को हजारों श्रद्धालु बाबा झारखंड शिव मंदिर स्याऊ पहुंचकर मन्नते मांगते हैं।





## 14 को निकलेगी शिव बारात

**शिव सेवक मंडल स्याऊ के तत्वावधान में 14 फरवरी की शाम को बिजनौर रोड स्थित देवी मंदिर से बैंडबाजे व मनमोहक झांकियों के साथ भव्य शिव शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए बाबा झारखंड शिव मंदिर पहुंचेगी।**

## रात्रि में 12-05 बजे होगा जलाभिषेक

**बाबा झारखंड शिव मंदिर पर 14/15 फरवरी की रात्रि 12 बजकर 5 मिनट से श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा तथा 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा।**

## भोले बाबा के आशीर्वाद से पूरी होती हैं मुरादें



पिछले कई दशकों से मंदिर में पुजारी अशोक गिरि ने बताया कि बाबा झारखंड शिव मंदिर प्राचीन है। यहां श्रावण मास व फाल्गुन मास पर हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं तथा मंदिर पर विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने के यहां आते हैं। सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। यहां मांगी गई मन्नत भोले बाबा के आशीर्वाद से अवश्य पूरी होती है।

## जिलाध्यक्ष जिबरीश ने पदाधिकारी मनोनीत किये



**किरतपुर ( चिंगारी )।** शाह अलवी एसोसिएशन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मौहम्मद जिबरीश ने जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। जिला कार्यकारिणी में बन्ने अलवी जिला उपाध्यक्ष, मौहम्मद जाहिद अलवी जिला महासचिव, शौकीन शाह जिला कोषाध्यक्ष बनाये गये हैं। इनके अलावा जिलाध्यक्ष मौहम्मद जिबरीश ने मौहम्मद कमरुद्दीन ब्लॉक कासमपुर गढ़ी, मौहम्मद इमरान नगराध्यक्ष अफजलगढ़, शकील अहमद नगराध्यक्ष शेरकोट, मौहम्मद उस्मान निवासी नींदडू ब्लॉक अध्यक्ष धामपुर, फिरोज जमील नगराध्यक्ष नूरपुर, मौहम्मद शद्दाम ब्लॉक अध्यक्ष किरतपुर, रिहान अहमद ब्लॉक अध्यक्ष मौहम्मदपुर देवमल बिजनौर, शहादत अलवी नगराध्यक्ष चांदपुर, अकरम अलवी नगराध्यक्ष स्योहारा, गुलाम नबी ब्लाक अध्यक्ष नूरपुर, हाजी अय्यूब नगराध्यक्ष नगीना, मौहम्मद साजिद नगराध्यक्ष नहटौर, जरीश अहमद ब्लाक अध्यक्ष नहटौर, जहांगीर आलम ब्लॉक अध्यक्ष जलीलपुर चांदपुर, मौहम्मद नौशाद नगराध्यक्ष कस्बा साहनपुर, मौहम्मद साजिद निवासी जाब्ता गंज नगराध्यक्ष नजीबाबाद बनाया है। जिलाध्यक्ष ने समस्त पदाधिकारियों से आशा व्यक्त की है कि वह संगठन की मजबूती के लिये अपनी पूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगे और संगठन बुलंदी तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे।

## प्रशांत कुमार गोयल पुन: बने कांग्रेस विधि विभाग के चेयरमैन
### मनुप्रताप व मुनव्वर को भी सौंपी गई बड़ी सिम्मेदारी





**बिजनौर ( चिंगारी )** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस के सीनियर लीडर प्रशान्त कुमार गोयल एड. को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग का दूसरी बार जिला चेयरमैन बनाये जाने, युवा अधिवक्ता मनु प्रताप सिंह एड.को विधि विभाग बिजनौर का नागराध्यक्ष व अधिवक्ता मुन्नवर अली एड. नगीना को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग का प्रदेश सचिव बनाये जाने पर बिजनौर जनपद में हर्ष की लहर दौड़ गई। तीनों नेताओं को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। तीनों नेताओं ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के चेयरमैन अली आसिफ रिज़वी एड. व शीर्ष नेतृव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे दी गई ज़िम्मेदारियों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ मुख्यमंत्री से मिले आईआईए के पदाधिकारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के औद्योगिक, पर्यटन एवं अधोसंरचनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के प्रतिनिधिमंडल ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटवार्ता की। यह भेंटवार्ता प्रभारी मंत्री, कौशल विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल के नेतृत्व एवं विशेष पहल से सम्पन्न हुई। प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व आईआईए डिविजनल चेयरमैन विकास अग्रवाल तथा आईआईए बिजनौर चैप्टर चेयरमैन अवनीश अग्रवाल शामिल रहे। भेंटवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री से अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के इको-सेंसिटिव ज़ोन को शीघ्र अधिसूचित किए जाने की मांग, जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिले एवं स्थानीय रोजगार सृजित हो। विदुरकुटी को धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव रखा ताकि इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके तथा पूर्व में घोषित गंगा की धारा (तट विकास) परियोजना एवं संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना के शीघ्र क्रियान्वयन की अपेक्षा की। गुड़ एवं खांडसारी निर्माण इकाइयों से संबंधित मंडी समिति के लंबित मुद्दों के समाधान तथा समाधान योजना को प्रभावी रूप से लागू किए जाने का अनुरोध किया। पानीपत-गोरखपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के अंतर्गत जनपद बिजनौर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना की मांग की, जिससे औद्योगिक निवेश को गति मिले और व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन हो। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक रुख अपनाया तथा सुझावों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन प्रदान किया। आईआईए प्रतिनिधिमंडल ने भेंटवार्ता के सफल आयोजन एवं मुख्यमंत्री जी से समय दिलाने हेतु प्रभारी मंत्री श्री कपिल देव अग्रवाल के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया तथा उनके नेतृत्व में जनपद के समग्र विकास के प्रति विश्वास व्यक्त किया।

# कोटद्वार में बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन



गुरूवार को कोटद्वार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समक्ष प्रदर्शन करते बैंक कर्मी।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देश के बड़े बैंक संगठनों ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और बैंक एम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया सहित अन्य ट्रेड यूनियनों के गुरूवार को आहूत देशव्यापी हड़ताल के अंतर्गत कोटद्वार में बैंक कर्मियों ने प्रदर्शन किया।

इस दौरान सभी बैंककर्मी पंजाब नेशनल बैंक के गेट पर एकत्रित हुये। तत्पश्चात उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हड़ताल का मुख्य कारण केंद्र सरकार के चार नये लेबर कोड हैं। कहा कि ये कोड 29 पुराने श्रम कानूनों की जगह लेंगे, जिससे कर्मचारियों के अधिकारों में कटौती होगी और ट्रेड यूनियनों का रजिस्ट्रेशन कराना मुश्किल हो जाएगा। उत्तरांचल बैंक इम्प्लाइज यूनियन के प्रांतीय सहायक महामंत्री वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से बैंकिंग सेक्टर में 5-डे वर्क वीक लागू करने की मांग कर रहे हैं। काम के बढ़ते दबाव के कारण कर्मचारियों का वर्क-लाइफ बैलेंस बिगड़ रहा है। मौके पर वक्ताओं ने पुराने श्रम कानूनों को यथावत रखने, बैंकों में समुचित स्टाफ की भर्ती करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने और बैंकों का विलय न करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में यूनियन के जिला सचिव कुलदीप चौधरी, नगर संयोजक डी पी एस बिष्ट, रमेश नेगी, रचिता रावत, राहुल नेगी, सविता कोटनाला और कुलदीप गुसाई सहित अन्य बैंक कर्मी शामिल रहे।

# मालिनी वैली कॉलेज में दस दिवसीय योग कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत शिवराजपुर मोटाढ़ाक स्थित मालिनी वैली कालेज आफ एजुकेशन में योग कार्यशाला आयोजित की जा रही है। दस दिवसीय कार्यशाला में आम जन को नि:शुल्क योग सिखाया जा रहा है। कार्यशाला का आरंभ कॉलेज के अध्यक्ष योगम्बर सिंह, राइंका कोटद्वार के शिक्षक कुलदीप मैन्दोला व सेनि. प्रधानाचार्य डॉ. रमाकांत कुकरेती और सार्थक योगशाला की योग प्रशिक्षिका सोनम रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कालेज अध्यक्ष योगंबर सिंह रावत ने कहा कि यह योग कार्यशाला संस्कृत भारती कोटद्वार और सार्थक योगशाला के सहयोग से आयोजित की जा रही है। कहा कि सभी लोगों को योग को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। योग करने से शरीर निरोग रहता है। वहीं कार्यशाला के प्रथम दिवस पर योग प्रशिक्षिका सोनम रावत ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापक व अन्य कर्मचारियों को योगाभ्यास और प्राणायाम कराया। कार्यशाला 20 फरवरी तक चलेगी।

# तपिश कुमार मिस्टर, कनिका तिवारी बनीं मिस ज्ञान भारती

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत शिवालिक नगर स्थित ज्ञान भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल में गुरूवार को इंटर की कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अन्य कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने इंटर के छात्रों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। मौके पर समस्त विद्यालय परिवार व छात्रों ने इंटर की कक्षा के छात्रों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान तपिश कुमार को मिस्टर ज्ञान भारती, कनिका तिवारी को मिस ज्ञान भारती, दीपांशु को मिस्टर स्पार्कल व सिमरन थापा को मिस स्पार्कल चुना गया। साथ ही आयुष जखवाल को ज्ञान भारती मिस्टर स्पोर्ट्स व आयुष कोटनाला को ज्ञान भारती साइलेंट एचीवर चुना गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक अजयपाल रावत व प्रधानाचार्य शिवानी नेगी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आईएचएमएस के 7 छात्र-छात्राओं का बैंक और पेटीएम में हुआ कैंपस सलेक्शन

## छात्रों ने मनाई खुशी




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटैलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कोटद्वार में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) विषय में, अंतिम वर्ष की शिक्षा ले रहे 07 छात्र-छात्राओं का देश की जानी मानी कंपनी में चयन हुआ है। एक्सिस बैंक और पेटीएम कंपनी में नौकरी मिलने पर छात्रों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बताया कि कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट सेलेक्शन के तहत एक्सिस बैंक की एचआर मैनेजर आशु माला और पेटीएम के एचआर मैनेजर रिया और तमन्ना कॉलेज में आए थे। उन्होंने पहले कॉलेज के सभागार में बीबीए के छात्र छात्राओं को कंपनी की जानकारी दी और उनसे ऑनलाइन पंजीकरण कराया और इसके बाद साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर छात्र विकांशु तोमर, शिवम सिंह नेगी, रजत दानी, रोहित सिंह रावत, मनदीप रावत, सौरभ रावत, प्रियांशु कंडवाल और अभिषेक रावत को ऑपरेशन एंड सेल्स विभाग में विभिन्न पदों पर दो से तीन लाख के पैकेज का ऑफर लेटर दिये गये। उन्होंने कहा कि कॉलेज में क्षेत्र के युवाओं की बेहतरीन शिक्षा के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली विकसित की गई है, जिसके कारण भारत सरकार की एजेंसी नेशनल एसेसमेंट काउंसिल (नैक) ने उन्हें बी ग्रेड की मान्यता दी है। नेक की रेटिंग मिलने के बाद अब देश की जानी-मानी कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आईएचएमएस आ रही हैं। कहा कि छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए अन्य कंपनियों से भी अनुबंध किये जा रहे हैं।

# पूर्व सैनिकों ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स गठन का स्वागत किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने उत्तराखंड सरकार के नशे के खिलाफ लड़ाई में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स गठन का स्वागत किया है। सदस्यों ने कहा कि नशा समाज को बर्बाद कर रहा है और हम सबको इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। इस संबंध में गुरूवार को परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में नशा युवाओं को बर्बाद कर रहा है। इस पर लगाम लगाने के लिए सरकार द्वारा टास्क फोर्स का गठन सराहनीय कदम है। यह कदम युवाओं को नशे से दूर रखने में कारगर सिद्ध होगा। सरकार की इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। बैठक में गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, बलवान सिंह रावत, देवेंद्र नेगी, ज्ञानपाल सिंह रावत, संजय अग्रवाल, हरीश चंद्र खुगशाल, सुरेश रावत, नरेंद्र सिह रावत आदि उपस्थित रहे।

# शीघ्र होगा लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का निर्माण

## सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति प्रदान की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उच्चतम न्यायालय ने वर्षों से लंबित लालढ़ांग-चिलरखाल रोड निर्माण पर गुरूवार को ऐतिहासिक निर्णय दिया है। न्यायालय ने इस सड़क के पुनर्निर्माण व सुदृढ़ीकरण की अनुमति प्रदान कर दी है। इससे क्षेत्र के विकास का मार्ग पूर्ण रूप से प्रशस्त हो गया है। इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बताया कि न्यायालय ने टी एन गोड्डावर्मन विरूद्ध यूनियन आफ इंडिया वाद की सुनवाई करते हुए यह निर्णय दिया है। बताया कि लगभग 11.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क में से 4.7 किलोमीटर का हिस्सा सेंट्रल फॉरेस्ट एरिया से होकर गुजरता है, जिसके कारण निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित था। न्यायालय के इस सकारात्मक आदेश के बाद अब लगभग 18 गाँवों और 40,000 से अधिक की आबादी को ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। यह निर्णय क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक प्रगति के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। कहा कि यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि कोटद्वार और आसपास के समस्त ग्रामीण अंचलों के लिए जीवनरेखा है। पिछले चार वर्षों से वे निरंतर इस विषय को लेकर प्रयासरत थीं। उन्होंने शासन स्तर पर लगातार संवाद स्थापित किया, संबंधित विभागों के साथ समन्वय किया तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में इस वाद से संबंधित प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करवाई। उनके सतत प्रयासों और प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप ही आज यह सकारात्मक आदेश पारित हो सका है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अनिल बलूनी व संबंधित विभागों के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# शिशु मंदिर में नवनिर्मित प्रांगण का किया लोकार्पण



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, आदर्श नगर ऋषिकेश में विधायक निधि से टाइल्स, पत्थर आदि से निर्मित प्रांगण का विधिवत लोकार्पण किया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान समाज के निर्माण की आधारशिला होते हैं और विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि विधायक निधि के माध्यम से विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में दीपक तायल, जितेंद्र पाल पाठी, गोपाल राम, हरगोपाल, शिवम टुटेजा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विधायक निधि से कराये गए विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मनोज पारस ने विधानसभा में नगीना को जिला बनाने की मांग की

## और भी कई मुद्दे उठाये

**किरतपुर (चिंगारी)।** क्षेत्रीय विधायक मनोज पारस ने लखनऊ विधानसभा में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने नगीना को जिला घोषित करने की मांग रखी। इसके साथ ही क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों और सुविधाओं की मांग की। विधायक पारस ने नगीना में सहकारी कताई मिल की भूमि पर स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने यह भी मांग की कि शेष भूमि पर औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएं, जिससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने नगीना और किरतपुर दोनों स्थानों पर स्टेडियम और पार्क बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, इन दोनों शहरों में परिवहन निगम का रोडवेज डिपो और बस स्टैंड स्थापित करने की भी मांग की विधायक ने नगीना क्षेत्र में राजकीय डिग्री कॉलेज और एक राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की।



उन्होंने नगीना और किरतपुर में कांच उद्योग से जुड़े लोगों को बुनकरों की भांति विद्युत दरों में छूट देने का मुद्दा भी उठाया।

मंडावर-किरतपुर मार्ग से नेशनल हाईवे जाने के लिए किरतपुर शहर के बाहर बाईपास बनाने की मांग की गई। इसी तरह, नगीना-बढ़ापुर मार्ग से कोटद्वार जाने के लिए बढ़ापुर के बाहर से भी बाईपास बनवाने का प्रस्ताव रखा गया। उन्होंने भनेड़ा और कोतवाली देहात को नगर पंचायत घोषित करने की भी मांग की। इसके अतिरिक्त, नगीना-किरतपुर मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज के निर्माण की भी मांग की, जिससे यातायात सुगम हो सके।

# कांवड़ियों के जत्थे में शामिल बालक पर गुलदार ने किया हमला



**नहटौर (चिंगारी)।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे 8 वर्ष के बालक पर गुलदार ने हमला कर दिया। शोर मचाने पर गुलदार भाग गया। घायल अवस्था में बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अमरोहा के थाना आदमपुर स्थित ग्राम डडियाल निवासी अनिकेत पुत्र दीपेंद्र कुमार 8 वर्ष अपने परिजनों के साथ हरिद्वार गया था। आज प्रातः को नहटौर कोतवाली रोड पर ग्राम दरबारपुर के सामने अचानक आए गुलदार ने हमला कर दिया, जिसमें अनिकेत घायल हो गया, शोर मचाने पर गुलदार भाग गया। पुलिस ने घायल अवस्था में बच्चे को सादायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हलका दरोगा संयम यादव ने बताया कि बालक मामूली रूप घायल हुआ था, जिसे उपचार देकर परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।


आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)
Hero Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679


# व्यापार समझौते की प्रतियां जलाकर प्रदर्शन किया



व्यापार समझौते की कॉपी के साथ विनीत मौर्य

**बरुकी (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन और अन्य किसान संगठनों ने गुरुवार को अमेरिका-भारत कृषि व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कई स्थानों पर समझौते की प्रतियां जलाईं। किसानों का आरोप है कि यह समझौता भारत विरोधी है, जो अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत में आसान पहुंच देकर स्थानीय किसानों, विशेषकर सोयाबीन, डेयरी और मक्का उत्पादकों को आर्थिक रूप से बर्बाद कर देगा। इसी क्रम में ग्राम शादीपुर में भी भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष विनीत मौर्य के नेतृत्व में किसानों ने मेरा खेत मेरा अधिकार अभियान के तहत अमेरिका-भारत कृषि व्यापार समझौते की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके तहत कई किसानों ने अपने खेतों में जाकर पेपर पर अमेरिका-भारत कृषि व्यापार समझौता लिखकर उनकी प्रतियां जलाईं, और स्पष्ट संदेश दिया कि किसानों को उनका यह समझौता स्वीकार नहीं है। किसानों ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांग पर विचार नहीं किया तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान किसान उज्जवल मौर्य, दीपक, रवि, गौरव, शिव कुमार, दिनेश मौर्या आदि मौजूद रहे।


भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265 8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476